डाक पंजीयन सं. जयपुर सिटी/ 110/2024-26

website: www.royalpatrika.com
G-mail: royalpatrika@gmail.com
Yahoo: royal_patrika@yahoo.com

R.N.I. NO. RAJHIN/2006/16735 राजस्थान एवं केन्द्र सरकार से विज्ञापनों के लिए मान्यता प्राप्त

रॉयल पत्रिका की ओर से स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

# रॉयल पत्रिका

प्रशासनिक सेवाओं की तैयारी कैसे करें?और सरकारी नौकरियों की जानकारी के लिए पढ़ें पृष्ठ 5

वर्ष : 20 | अंक : 28 | पेज: 08 | जयपुर, सोमवार, 11 अगस्त से 17 अगस्त 2025 | साप्ताहिक | मूल्य: 7 रुपए

## 78 साल बाद भी देश में गरीबी, बेरोजगारी एवं वैमनस्य में कमी नहीं आ रही है

### -देश 15 अगस्त 1947 को अंग्रेजों से स्वतंत्र हुआ था लेकिन आज भी भारत विकासशील देश की श्रेणी में आता है और जबकि चीन और जापान भारत से कहीं आगे दिखाई देते हैं

**एम खान**



जयपुर (रॉयल पत्रिका)। भारत देश 15 अगस्त 1947 को स्वतंत्र हुआ था। देश की स्वतंत्रता में अपनी जानों की कुर्बानी देने वाले भारतीय सूरवीरों ने सोचा होगा कि अंग्रेजों की गुलामी से छुटकारा पाने के बाद प्रत्येक भारतीय स्वाभिमान से और बिना किसी डर के अपना जीवन यापन कर सकेगा और सभी को रोटी-कपड़ा और मकान की सुविधा मिलेगी इसलिए लाखों भारतीयों ने अपनी जानों की कुर्बानियां अंग्रेजों को देश से बाहर निकलने में दी। जिन भारतीयों ने देश को स्वतंत्र करवाने में संघर्ष किया और कुर्बानियां दी अगर वे आज होते तो उनको बहुत पछतावा होता है। देश से अंग्रेजों को तो भगा दिया गया लेकिन उसके बाद लोगों के ऐसे समूहो, वर्गों, जातीयों, धार्मिक समूहों ने ले लिया जो समाज में अपने से कमजोर व्यक्तियों, मजदूरों, जातियों एवं धार्मिक वर्गों को गुलाम बनाने के लिए दिन-रात काम कर रहे हैं। देश का कमजोर वर्ग चाहे वह किसी जाति, धर्म एवं वर्ग का हो उसके लिए स्वतंत्रता नाम मात्र की रह गई है। देश का संविधान एवं कानून ज्यादातर उन लोगों का संरक्षण कर रहा है जो आर्थिक रूप से मजबूत और सुविधा संपन्न है।

**देश में गरीबी, बेरोजगारी की स्थिति-**

वैसे तो देश 15 अगस्त को 79 वां स्वतंत्रता दिवस का आयोजन कर रहा है। लेकिन देश का युवा, मजदूर, किसान अनेक समस्याओं का सामना कर रहे हैं। देश में गरीब लोगों की संख्या में कमी नहीं आ रही और बेरोजगार युवाओं की सड़कों पर भीड़ देखने को मिल रही है। 78 वर्षों में कई राजनीतिक पार्टियों की सत्ता आती जाती रही है लेकिन देश को आगे ले जाने के बजाय राजनीतिक पार्टियों एवं उनके नेताओं ने अपने घरों को भरने का काम किया है। देश में स्वास्थ्य, शिक्षा, सफाई एवं सड़कों की हालत अच्छी नहीं है। सरकारी कार्यालयों में बिना लेनदेन किए काम करवाना मुश्किल हो गया है। देश में सरकारी अस्पतालों में मरीजों की भीड़ दिखाई देती है और सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले गरीब वर्ग के बच्चे जर्जर भवनों के गिरने से दबकर मौत के मुंह में जा रहे हैं। कोई भी सरकार सत्ता में आने के बाद कुर्सी छोड़ना नहीं चाहती है लेकिन जनता के दबाब में चुनाव करवाने पड़ते हैं। अब तो राजनीतिक पार्टियों चुनाव आयोग जैसी संस्था में अपने पक्ष के लोग बिठाकर जनाधार और वोटो की चोरी करवाने लगे हैं। इसका मतलब साफ है कि देश से डेमोक्रेसी को समाप्त करने की कोशिश की जा रही है। न्यायपालिका, कार्यपालिका एवं विधायिका पूरी तरह अपनी जिम्मेदारी नहीं निभा पा रही है। अगर ऐसे ही चला रहा तो देश आर्थिक शक्ति एवं विकसित बनने की जगह अराजकता की ओर जा सकता है।

**नफरत और वैमनस्यता -**

भारत देश विभिन्न धर्म संप्रदाय, जातियों, बहू संस्कृति एवं परंपराओं का देश है। सभी की मान्यताएं एवं विश्वास अलग-अलग है । स्वतंत्रता के समय देश के क्रांतिकारीयों, देशभक्ति एवं देश को आजाद करवाने वाले नेताओं ने सबको एकता के गुलदस्ते में एक किया था। परिणाम स्वरुप देश को गुलाम बनाने वाले शासक अंग्रेजों को देश की जनता के सामने घुटने टेकने पड़े थे और देश स्वतंत्र हो गया। देश को डॉक्टर भीमराव अंबेडकर ने संविधान दिया जिसमें सभी को सम्मान से जीने, स्वतंत्रता पूर्वक अपने विचार व्यक्त करने, घूमने, रहने एवं पहने के समान अवसर प्रधान किए गए। लेकिन स्वतंत्रता के बाद नेताओं एवं राजनीतिक पार्टियों ने देश के संविधान को कमजोर करने की पूरी कोशिश की है। देश की धर्मनिरपेक्ष छवि को नुकसान पहुंचाने के प्रयास तेजी से किए जा रहे हैं। जाति, वर्ग एवं धर्मों के बीच नफरत बढ़ा कर राजनीति की जा रही है। राजनीति सिर्फ सत्ता में रहने और टिके रहने के लिए की जा रही है। संविधान में जातियों, धर्मों एवं वर्गों के बीच आपसी भाईचारे एवं समाजस्य से रहने का प्रावधान है लेकिन वर्तमान में आपसी भाईचारे एवं समाजस्य को कमजोर और समाप्त करने का प्रयास चल रहा है। इन सबके बावजूद देश आगे बढ़ रहा है। इसलिए कहा जाता है कि मेरा देश भारत महान है।

## जन आकांक्षाओं की पूर्ति हमारे सुराज का केन्द्र बिंदु, परिवेदनाओं के निस्तारण में कोताही नहीं होगी बर्दाश्त - भजनलाल शर्मा



जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार सुशासन के उच्च मापदंडो के अनुरूप प्रदेश के प्रत्येक नागरिक को बेहतर सुविधाएं एवं सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। जन आकांक्षाओं की पूर्ति और उनकी परिवेदनाओं का त्वरित निस्तारण ही हमारे सुराज का केन्द्र बिंदु है। शर्मा ने सोमवार को मुख्यमंत्री निवास पर नियमित जनसुनवाई की। उन्होंने जनसुनवाई में आए प्रत्येक परिवादी से व्यक्तिशः मिलकर उनकी परिवेदनाओं को सुना तथा अधिकारियों को समस्याओं के निस्तारण के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए।

**अधिकारी समस्याओं का समय से करें निस्तारण, फॉलोअप की दें नियमित सूचना**

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक परिवेदना का समय से निस्तारण किया जाए। साथ ही, अधिकारी जनता से जुड़े कामों को पूरी जिम्मेदारी से करें। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को प्रत्येक प्रकरण को सूचीबद्ध करने के साथ ही उनका फॉलोअप सुनिश्चित करने और परिवादियों को सूचित करने के लिए भी निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि जो कार्मिक आमजन की परिवेदनाओं के निस्तारण में लापरवाही बरते, उनके विरूद्ध सख्त कार्रवाई की जाए। शर्मा ने जनसुनवाई में आए लोगों की कई समस्याओं का मौके पर ही निस्तारण किया। अपनी परिवेदनाओं के त्वरित निस्तारण से आमजन संतुष्ट नजर आए। मुख्यमंत्री द्वारा जनसुनवाई में गरीब, किसान, महिला और युवा की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता से किया गया। साथ ही, दिव्यांग और बुजुर्ग सहित हर जरूरतमंद की परिवेदनाओं का निस्तारण कर उन्हें राहत दी गई।

**जगदीश करेंगे निःशुल्क धार्मिक यात्रा, मुख्यमंत्री का जताया आभार**

जनसुनवाई में बीकानेर से आए विशेष योग्यजन जगदीश प्रसाद ने मुख्यमंत्री को बताया कि उन्हें धार्मिक स्थलों की यात्रा करनी है, परन्तु आर्थिक तंगी के कारण वे अपनी इच्छा पूरी नहीं कर पा रहे हैं। इस पर मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जगदीश को धार्मिक स्थलों की निःशुल्क यात्रा कराई जाए। जगदीश ने अपनी समस्या के मौके पर ही निस्तारण से खुश होकर शर्मा का आभार जताया। शर्मा ने इस दौरान सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता, ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज, गृह, राजस्व, सिंचाई, जयपुर विकास प्राधिकरण, नगर निगम, शिक्षा, चिकित्सा, पेयजल, ऊर्जा सहित विभिन्न विभागों की आमजन से जुड़ी परिवेदनाओं को सुना और उनका मौके पर ही निस्तारण किया।

## राहुल गांधी ने चुनाव आयोग पर लगाए वोट चोरी के आरोप

### -यदि आरोप सत्य पाए गए तो देश के लोकतंत्र को नुकसान होने की पूरी संभावना




जयपुर (रॉयल पत्रिका)। कांग्रेस नेता और संसद में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने चुनाव आयोग पर वोट चोरी के गंभीर आरोप लगाए हैं। राहुल गांधी ने आरोप लगाया है कि चुनाव आयोग भाजपा के साथ मिलकर चुनाव में हेरा-फेरी का काम कर रहा है। राहुल गांधी ने पत्रकारों के सामने चुनाव आयोग की वोट लिस्ट में धांधली के सबूत पेश किए। राहुल गांधी का कहना है कि चुनाव आयोग की हेरा-फेरी के उनके पास 100 प्रतिशत सबूत हैं।

राहुल गांधी ने कहा कि कर्नाटक में पार्टी के आंतरिक सर्वे में 16 लोकसभा सीट जीतने की उम्मीद थी लेकिन 9 सीट जीत पाए। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव से तुरंत पहले करीब एक करोड़ वोट नए जोड़े गए। कर्नाटक की महादेवपुरा विधानसभा सीट पर करीब एक लाख फर्जी मतदाता जोड़े गए। एक छोटे से मकान पर 80 वोटरों को जोड़ दिया गया। जिसकी पुष्टि मीडिया ने उस मकान पर जाकर की है। राहुल गांधी ने उत्तराखंड, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और महाराष्ट्र में भी वोट चोरी के आरोप लगाए हैं।

उन्होंने दावा किया 2023 के मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव और 2024 के लोकसभा चुनाव में सदिगध गतिविधियां हुई उदाहरण के लिए उन्होंने उत्तराखंड में एक रोडशो के बाद मतदान में असामान्य परिणाम की बात कही, जहां भारी भीड़ के बावजूद कांग्रेस को अपेक्षित वोट नहीं मिले। गांधी ने बिहार में चल रहे विशेष गहन संशोधन (SIR) प्रक्रिया पर सवाल उठाएं, जिसके तहत मतदाता सूचियों को अपडेट किया जा रहा है। उन्होंने इसे मतदाता सूची में हेरा-फेरी का हिस्सा बताया।

शेष पृष्ठ 2 पर....



















# मुस्लिम स्कूल कैंपस में पहली एलुमनाई मीट सफलतापूर्वक सम्पन्न

जयपुर (रॉयल पत्रिका। मुस्लिम स्कूल कैंपस में बैच 1989-90-91 की पहली एलुमनाई मीट सफलता के साथ सम्पन्न हुई। कार्यक्रम में पुराने छात्रों ने एक-दूसरे से मिलकर पुराने दिनों को ताज़ा किया और आपसी भाईचारे को मज़बूत किया। कार्यक्रम की सफलता में योगदान देने वाले सभी साथियों को धन्यवाद देते हुए आयोजकों ने खास तौर पर अनीस उद्दीन का जिक्र किया, जिन्होंने बेहतरीन खाने का इंतज़ाम किया, और रफ़ीक़ कुरैशी का, जिन्होंने हाई टी की व्यवस्था की। मन्नान चौधरी भी विशेष रूप से मकराना से, बीमारी के बावजूद, सिर्फ़ साथियों से मिलने पहुँचे। आयोजकों ने उनके जल्द सेहतयाब होने की दुआ की। इस मौके पर अंजुमन तालीमुल मुस्लिमीन (एटीएम) के



प्रेसीडेंट असगर अली एडवोकेट और सेक्रेटरी जनाब शब्बीर खान (कारपेट) ने सभी की हौसला-अफ़ज़ाई की पुराने छात्र और एटीएम एग्जीक्यूटिव मेंबर ताहिर आज़ाद, अब्दुल हक़ और इलियास पठान ने भी कार्यक्रम में शिरकत की। एडवोकेट एम. इक़बाल ख़ान ने कहा कि हम दुआ करते हैं कि इसी तरह एलुमनाई मीट का सिलसिला आगे भी जारी रहे और सभी को दीन व दुनिया की भलाई, खुशियाँ और कामयाबी हासिल हो।

# अखिल भारतीय मनिहार समाज की ओर से रक्तदान एवं नि:शुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित

## -115 यूनिट रक्त एकत्रित



जयपुर (रॉयल पत्रिका)। अखिल भारतीय मनिहार समाज युवा सेवा समिति की ओर से रविवार 10 अगस्त 2025 को खंडेलवाल वैश्य महासभा भवन ए.आर. जी ऑडिटोरियम, आरपीए रोड, शास्त्री नगर में चतुर्थ रक्तदान शिविर एवं निशुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 115 लोगों ने रक्तदान किया और सैकड़ो लोगों ने स्वास्थ्य से संबंधित परामर्श लिया। शिविर सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक चलता रहा। शिविर की व्यवस्था मनिहार समाज के युवाओं ने अच्छी तरह संभाल रखी थी। शिविर के मुख्य अतिथि सिविल लाइन से पूर्व विधायक एवं पूर्व मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास थे जिनका समाज के बुजुर्ग लोगों ने सम्मान किया गया। रक्तदान शिविर का आयोजन करना मनिहार समाज के लोगों में मानवता और इंसानियत की ओर रुझान को इंगित करता है।







# रकमा संगठन का समारोह होगा

जालौर/कास (रॉयल पत्रिका) । रकमा संगठन जालौर के बैनर तले जिला स्तरीय मुस्लिम प्रतिभा सम्मान समारोह 2 सितंबर 2025 को किया जाएगा। जिला अध्यक्ष भंवरू खान पठान मादलपुरा ने बताया कि जिन विद्यार्थियों ने कक्षा 10 वीं एवं 12वीं में 75 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त किए हैं, वे अपनी अंकतालिकाएं अंतिम तिथि 15 अगस्त 2025 तक संगठन के व्हाट्सएप ग्रुप में भेज दें। प्रदेश सचिव मोहम्मद रफीक शेख ने जानकारी देते हुए बताया कि समारोह प्रदेशाध्यक्ष अतीक अहमद के मुख्य आतिथ्य में एवं जिला कार्यकारिणी की देखरेख में संपन्न होगा। समारोह के अवसर पर प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को स्मृति चिन्ह, प्रमाण पत्र एवं मेडल देकर सम्मानित किया जाएगा।

















## रॉयल पत्रिका को पेमेंट करने का तरीका

रॉयल पत्रिका में भुगतान नकद या चेक द्वारा रॉयल पत्रिका के पंजाब नेशनल बैंक, त्रिपोलिया बाजार, जयपुर के खाता संख्या 1939002100241695 में या पंजाब नेशनल बैंक की किसी भी नजदीकी शाखा में जमा करवा सकते हैं अथवा IFSC Code PUNB0193900 पर भी भुगतान नेट बैंकिंग के द्वारा कर सकते हैं। आपके सहयोग के लिए धन्यवाद।

-संपादक

Scan Here






# विरासत के संरक्षक: कला, भाषा और वास्तुकला का संरक्षण करते भारतीय मुसलमान



भारत जैसे देश में, जहाँ लोग अलग-अलग भाषाएँ बोलते हैं, अलग-अलग धर्मों का पालन करते हैं और अलग-अलग संस्कृतियाँ रखते हैं, साझा विरासत को बनाए रखना समर्पण का प्रतीक है। इस विशाल सभ्यतागत पच्चीकारी को बनाने वाले विविध समुदायों में भारतीय मुसलमान एक अद्वितीय स्थान रखते हैं। वे न केवल एक भारतीय-इस्लामी विरासत के उत्तराधिकारी हैं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए इसकी रक्षा भी करते हैं। जैसे-जैसे दुनिया अधिक विभाजित होती जा रही है और संस्कृतियाँ अधिक समान होती जा रही हैं, भारतीय मुसलमान सैकड़ों वर्षों से उपमहाद्वीप का हिस्सा रही समन्वयवाद की परंपराओं को चुपचाप कायम रख रहे हैं। कला, भाषा और वास्तुकला में उनका योगदान अतीत में घटित होने वाली बातें नहीं हैं; वे आज भी उस संस्कृति में जीवित और सक्रिय हैं जहाँ परंपराएँ आपस में मिलती-जुलती हैं और सौंदर्य का सम्मिश्रण फलता-फूलता है। भारतीय इस्लाम स्वदेशी रीति-रिवाजों, सौंदर्यशास्त्र और दर्शन के साथ निरंतर जुड़ाव के माध्यम से विकसित हुआ। इसका परिणाम एक समान धार्मिक संस्कृति नहीं, बल्कि एक विशिष्ट भारतीय सम्मिश्रण था जो सूफी दरगाहों, मुगल कला, उर्दू शायरी की लय और इंडो-इस्लामिक वास्तुकला की भव्यता में प्रकट हुआ। ये कृतियाँ न केवल शैली या उद्देश्य में इस्लामी थीं; बल्कि ये इस बात के भी उदाहरण थे कि विभिन्न संस्कृतियाँ एक-दूसरे को कैसे प्रभावित कर सकती हैं। ताजमहल के गुंबदों से लेकर लखनऊ की चिकन कढ़ाई तक, मुस्लिम कारीगरों के हाथ उनके आस-पास की ज़मीन के साथ मिलकर काम करते थे।आज, जबकि कला और सांस्कृतिक विविधता के प्रति समर्थन कम होता जा रहा है, इस मिश्रित विरासत की रक्षा की ज़िम्मेदारी मुख्यतः व्यक्ति और समुदाय पर है। भारतीय मुसलमान इस विरासत के प्रबल रक्षक बन गए हैं। उर्दू एक भाषा से कहीं बढ़कर है; यह एक सांस्कृतिक भंडार है जो विभिन्न धर्मों के लोगों के बीच संवाद से उपजा है। यह फ़ारसी और संस्कृत दोनों से विचार ग्रहण करती है, और सूफ़ी संतों और भक्ति कवियों, दोनों के विचारों को दर्शाती है। ग़ालिब की कविता, रहीम के दोहे और कबीर के दोहों में अक्सर एक जैसे शब्द और विचार होते थे। लेकिन जैसे-जैसे उर्दू भारतीय शिक्षा प्रणाली के हाशिये पर धकेली जा रही है, भारतीय मुस्लिम लेखक, कवि, पत्रकार और डिजिटल पुरालेखपाल इसकी सुंदरता को जीवित रख रहे हैं। रेख़्ता जैसी ऑनलाइन साइटें इस साझा भाषाई ख़ज़ाने को संग्रहीत करने के लिए महत्वपूर्ण स्थान बन गई हैं ताकि यह नई पीढ़ियों के लिए हमेशा उपलब्ध रहे। पारंपरिक शिल्प को जीवित रखने के तरीके में भी प्रबंधन की यही भावना देखी जा सकती है। हैदराबाद में, मुस्लिम परिवार अभी भी बिदरीवेयर का कठिन काम करते हैं, जो धातु की जड़ाई का काम है जो दक्कन सल्तनत के समय से चला आ रहा है। लखनऊ के ज़रदोज़ी कारीगर मुगल कढ़ाई शैलियों को जीवित रखते हैं। कश्मीर में, नमदा गलीचे बनाने वाले और कागज़ की लुगदी से चित्रकार—जिनमें से कई मुसलमान हैं—लुप्त होती कलाओं को जीवित रखते हैं, भले ही उन्हें संस्थाओं से कोई मदद न मिलती हो। ये सिर्फ़ शिल्प नहीं हैं; ये ऐतिहासिक स्मृति, तकनीक और सौंदर्यशास्त्र के प्रतीक हैं जो हिंदू और मुस्लिम कला रूपों के मेल से आए हैं। वास्तुकला, किसी भी अन्य कला रूप से ज़्यादा, भारतीय मुस्लिम संस्कृति की समन्वयकारी आत्मा को दर्शाती है। भारतीय इस्लामी वास्तुकला समय के साथ स्थानीय शैलियों को फ़ारसी और मध्य एशियाई शैलियों के साथ मिलाकर बदली। उदाहरणों में दिल्ली का कुतुब परिसर, भोपाल के महल और गुलबर्गा की मस्जिदें शामिल हैं। धार्मिक संघर्ष के दौरान भी, मस्जिदों ने हिंदू कारीगरों को काम पर रखा और इस्लामी संरक्षकों ने मंदिरों के निर्माण के लिए भुगतान किया। स्थानीय शैलियों का उपयोग करने वाली आधुनिक मस्जिदों के डिज़ाइनों में जगह को लेकर यह बातचीत अभी भी जारी है। उदाहरण के लिए, राजस्थान की मस्जिदें लाल बलुआ पत्थर से बनी हैं, केरल की लकड़ी से और गुजरात की संगमरमर से। लेकिन ऐसी विरासत को जीवित रखना ज़्यादा राजनीतिक होता जा रहा है। सच्चर समिति की रिपोर्ट (2006) ने शिक्षा और रोजगार में मुसलमानों के गंभीर हाशिए पर होने पर जोर दिया, एक निष्कर्ष जिसकी पुष्टि बाद के सर्वेक्षणों से भी हुई। भारत में धर्म पर प्यू रिसर्च सेंटर के 2021 के अध्ययन ने समुदाय के भीतर घटती सामाजिक गतिशीलता पर और जोर दिया। भारतीय मुसलमान उपमहाद्वीप के समन्वयकारी सांस्कृतिक डीएनए को सुरक्षित रखते हैं, भले ही उनके पास ये संरचनात्मक समस्याएं हों। ऐसा करते समय वे केवल कलाकार, भाषाविद् या वास्तुकार ही नहीं होते; वे सांस्कृतिक रक्षक भी होते हैं। हिंदू, सिख, ईसाई और मुसलमान सभी अभी भी अजमेर शरीफ और दिल्ली में निजामुद्दीन औलिया के मकबरे जैसी सूफी दरगाहों पर जाते हैं। कव्वाल अभी भी कृष्ण और अल्लाह दोनों की स्तुति में कविताएँ गाते हैं। ग्रामीण भारत में होली के त्योहारों पर मुस्लिम संगीतकार बजाते हैं, और हिंदू कवि फारसीकृत उर्दू में लिखते हैं। ये सांस्कृतिक निरंतरताएँ उस विभाजनकारी बयानबाजी को सूक्ष्म फटकार के रूप में काम करती हैं जो भारतीय मुसलमानों को अपनी ही मातृभूमि में बाहरी के रूप में चित्रित करने का प्रयास करती है। बढ़ती असहिष्णुता के बीच, समन्वयवादी संस्कृति को जीवित रखना सरकार के सामने खड़े होने का एक तरीका बन गया है। उर्दू के दोहे पढ़ते रहना, बिदरी का फूलदान बनाना, या ढहती मस्जिद की मरम्मत करना यह दर्शाता है कि भारतीय पहचान हमेशा से बहुल, बहुल और खुली रही है। ये कार्य अतीत से चिपके नहीं रहते; बल्कि, सम्मान, कला और साझा स्मृति के आधार पर भविष्य के लिए उसकी पुनर्कल्पना करते हैं। अगर भारत अपने संविधान में विविधता में एकता के अपने वादे को निभाना चाहता है, तो उसे विरासत के इन संरक्षकों को पहचानना और उनका समर्थन करना होगा। भारत में मुसलमान न केवल अपनी संस्कृति को जीवित रख रहे हैं, बल्कि वे भारत की संस्कृति को भी जीवित रख रहे हैं। हाथ से सिले हर चिकनकारी रूपांकन में, मुशायरे में सुनाई जाने वाली हर उर्दू ग़ज़ल में, और हर मौसम से जर्जर मीनार में जो अभी भी आसमान को चीरती है, यह याद दिलाता है कि जो सबसे ज़्यादा भारतीय है वह एक चीज़ नहीं, बल्कि कई चीज़ें हैं।

**-शब्बीर हुसैन**

## रॉयल पत्रिका

### संपादकीय...

## गाज़ा में इजरायल की अत्याचारों ने अब तक के सभी रिकॉर्ड तोड़े !

अंग्रेजों ने भारत सहित विश्व के सैंकड़ों देशों को गुलाम बनाया था । गुलामी के दौर में अंग्रेजों ने भारतीय लोगों पर भयंकर अत्याचार किए थे । अंग्रेजों ने हजारों भारतीय युवाओं और बुजुर्गों को गोलियों से भून दिया था और सैंकड़ों क्रांतिकारियों को फांसी पर चढ़ा दिया था। अंग्रेजों के अत्याचारों को भारतीय आज भी याद करते हैं। लेकिन वर्तमान में इजरायल के अत्याचारों ने दुनिया में हुए अत्याचारों के सभी रिकॉर्ड तोड़ दिए । इजरायली सेना ने करीब दो वर्ष में करीब 1 लाख फिलिस्तीनी नागरिकों की गोलियों टैंकों एवं बमों से हत्या कर दी। फिलिस्तीन की करीब 90 प्रतिशत आबादी दर-दर की ठोकरें खा रही है, लोगों के पास पेट भरने के लिए भोजन, पीने के लिए पानी एवं दवाइयों का अभाव है। इजरायल ने दूसरे देशों से आने वाली राहत एवं भोजन सामग्री को रोक दिया है । संयुक्त राष्ट्र संघ फिलिस्तीनियों को राहत देने में नाकाम रहा है, जो भी थोड़ी बहुत राहत सामग्री फिलिस्तीनियों को दी जा रही है उस पर इजरायल का पूरा नियंत्रण है । इजरायली सैनिकों ने अत्याचारों के सभी रिकॉर्ड तोड़ते हुए राहत सामग्री लेने वाले फिलिस्तीनी नागरिकों को गोलियों से भून दिया । इजरायली सैनिकों ने ऐसा एक बार नहीं किया बल्कि दर्जनों वार किया और कर रहे हैं । कभी फिलिस्तीन की जमीन पर शरण लेने वाले यहूदी आज फिलिस्तीनियों को ही उनकी जमीन से निकालने पर आमादा हो रहे हैं । विश्व का एकमात्र यहूदी देश इजराइल ने वर्तमान में फिलिस्तीनी नागरिकों को एक-एक दाने के लिए तरसा दिया है । इसराइल से अपनी भूमि को आजाद करवाने वाले हमास संगठन के ज्यादातर लीडरों और सैनिकों को मौत के घाट उतार दिया है । हमास जो इजराइल से संघर्ष कर रहा है, का ईरान, हिज्बुल्लाह एवं हुतियों ने साथ दिया। लेकिन इजरायल की ताकत के सामने ज्यादा दिनों तक नहीं टिक पाए, क्योंकि इसराइल को अमेरिका की ओर से हर तरह की सहायता मिल रही है । जिसमें हथियार पैसा एवं सैनिक मुख्य हैं। इजराइल के राष्ट्रपति बेंजामिन नेतन्याहू ने अब एक नया फरमान जारी किया है जिसके तहत गाज़ा को अब फिलिस्तीनी नागरिकों से खाली करवाया जाएगा और गाजा का इजराइल में विलय करवाया जाएगा । विश्व के मुस्लिम देश या अन्य देश या दूसरे देश फिलिस्तीन को नहीं बचा पा रहे हैं। इजरायल की ढाल अमेरिका बना हुआ है । अमेरिका के सामने दूसरे देश बे-बस नजर आ रहे हैं । इन सबके बावजूद हमास के लड़ाके इजराइल से अंतिम सांस तक संघर्ष करके फिलीस्तीन को आजाद करवाने के संदेश दे रहे हैं । इजरायल पूरे फिलिस्तीन पर कब्जा कर ले या फिर पूरे फिलिस्तीनियों का कत्ले आम कर दे। लेकिन इसराइल के ये अत्याचार विश्व के इतिहास में जरूर लिखे जाएंगे।

# भारत छोड़ो आंदोलन



भारत छोड़ो आंदोलन की शुरुआत 8 अगस्त 1942 को गांधी जी के मुंबई में दिए गए भारत छोड़ो अभिभाषण व "करो या मरो" के नारे से हुई थी। अभिभाषण में उन्होंने सीधे-सीधे अंग्रेजों से ब्रिटिश शासन के अंत की मांग की थी, और आम नागरिक से इसमें बढ़-चढ़कर भागीदारी की अपील की। भारत छोड़ो शब्द का प्रयोग पहली बार मुंबई के मेयर युसूफ महरौली ने किया था।

यह द्वितीय विश्व युद्ध का समय था, ब्रिटिश सरकार ने तुरंत स्वतंत्रता देने से इंकार कर दिया वह द्वितीय विश्व युद्ध के अंत के बाद ही इस पर कोई विचार विमर्श के लिए सहमत हुए लेकिन बाद में वह भारत छोड़ो आंदोलन को बल प्रयोग से दबाने लगे, इससे आमजन वह स्वतंत्रता आंदोलनकारियों में भीषण रोष पैदा हो गया, जिससे उन्होंने सरकारी संस्थानों पर जमकर प्रहार करना शुरू कर दिया।

550 डाकघर, 250 रेलवे स्टेशन एवं रेल लाइनें, 70 पुलिस स्टेशन, 85 सरकारी इमारतें, 2500 दूरभाष लाइनें और ना जाने कितनी क्षति स्वतंत्रता आंदोलनकारियों द्वारा ब्रिटिश हुकूमत को पहुंचाई गई। बहुत सारे स्वतंत्रता सेनानियों को जेल में डाला गया सबसे ज्यादा आक्रमण बिहार राज्य में देखने को मिले, ब्रिटिश हुकूमत ने 57 बटालियन ब्रिटिश सेना को भारत छोड़ो आंदोलन को दबाने में लगा दिया। लेकिन यह आंदोलन कम होने का नाम ही नहीं ले रहा था सभी जाति, वर्ग, धर्म, महिला, पुरुष, बूढ़े, नौजवानों ने इस आंदोलन में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। ब्रिटिश सरकार इससे घबरा गई और उन्होंने विचार करना शुरू कर दिया कि अगले कुछ वर्षों में कैसे सम्मान वह शांतिपूर्वक भारत छोड़कर जाया जा सकता है, और भारत को स्वतंत्रता कैसे और किस प्रकार दी जा सकती है।


भारत छोड़ो आंदोलन में सभी वर्गों जैसे किसान, व्यापारी, छात्र, महिलाएं आदि के विभिन्न संघठनो में देशभक्ति व देश को आजाद कराने की एक लहर पैदा कर दी थी। स्वतंत्रता सेनानियों ने स्थानीय स्तर पर एक समानांतर सरकार का भी गठन कर लिया था। इसी बीच 1943 में भीषण अकाल पड़ा। आम भारतीयों को खाने के लाले पड़ गए, फिर गांधी जी की अपील पर भारत छोड़ो आंदोलन वापस ले लिया गया।

लेकिन अंदरूनी तौर पर भारत छोड़ो आंदोलन कभी खत्म नहीं हुआ बल्कि राम मनोहर लोहिया, जे पी नारायण, अरूणा आसफ अली, बीजू पटनायक, सुचेता कृपलानी और ऐसे ही अन्य कितने स्वतंत्रता सेनानियों ने भारत छोड़ो आंदोलन को भारतीय जनमानस में जगाए रखा इस वजह से अंग्रेजों में यह बात घर कर गई कि अब भारत में और बने रहना नामुमकिन है साथ में नेताजी सुभाष चंद्र बोस इंडियन नेशनल आर्मी एवं आजाद हिंद फौज की कार्यवाही की वजह से भी अंग्रेजी हुकूमत मुश्किल में थी। इन सभी वजह से अंग्रेजी हुकूमत भारत को स्वतंत्र करने पर गंभीरता पूर्वक विचार करने लगी, और अंततः हमारा देश भारत 15 अगस्त 1947 को अंग्रेजों से आजाद हुआ।

### पुण्यतिथि पर विशेष....

# अल्लामा फ़ज़ले-हक़ खैराबादी

## -अंग्रेजों के खिलाफ फतवा देने वाले क्रांतिकारी



(1797-1861) अल्लामा फज़ले हक खैराबादी प्रथम स्वतंत्रता संग्राम 1857 के क्रान्तिकारी, तर्कशास्त्री व उर्दू अरबी, फारसी के प्रसिद्ध शायर थे। उनका जन्म 7 अप्रैल 1797 ई. में उत्तर प्रदेश राज्य के सीतापुर जिले के खैराबाद में हुआ था। शिक्षा सम्पन्न होने के पश्चात वह खैराबाद में ही अध्यापन कार्य करने लगे और फिर 1816 ई. में उन्नीस वर्ष की आयु में ब्रिटिश सरकार में नौकरी कर ली। लेकिन एक ऐसा समय आया जब उन्होंने नौकरी नहीं करने का मन बना लिया और 1831 ई. में सरकारी नौकरी छोड़ दी। नौकरी छोड़ने के पश्चात वह दिल्ली के मुग़ल दरबार में कामकाज देखने लगे और शायरो की महफिलें से वाबस्ता होने लगे। 1857 के दौर में जब ईस्ट इंडिया कंपनी के ज़ुल्मो की हद हो गई तो हिन्दस्तान के राजा-महाराजाओं व महारानियो तथा नवाबो व मौलवियों द्वारा अंग्रेजों को देश से बाहर निकालने का प्रयास किया और ज़बरदस्त विद्रोह की योजना बनाई। जिसका नेतृत्व क्रांति के महानायक मुग़ल सम्राट बहादुर शाह जफर द्वारा किया गया और अल्लामा फज़ले हक खैराबादी ने अहम भूमिका निभाई। अल्लामा फज़ले हक खैराबादी द्वारा अंग्रेजों के खिलाफ जिहाद का फतवा देकर मुस्लिम समुदाय को अंग्रेजों के खिलाफ विद्रोह में शामिल होने की अपील की। जिसका लाभ मुगल सम्राट बहादुर शाह ज़फर व अन्य विद्रोही नेताओं को मिला। मौलाना द्वारा फतवा जारी करने के बाद से ही अंग्रेज़ो द्वारा उनकी तलाश शुरू हो गई। 1857 की क्रांति असफल हो जाने के बाद मौलाना बचते बचाते दिल्ली से खैराबाद तशरीफ ले आये। खैराबाद में अंग्रेजों को भनक लग गई और 30 जनवरी 1859 को उन्हें खैराबाद से गिरफ्तार कर लिया गया। खैराबाद से उन्हें लखनऊ सेंशन कोर्ट ले जाया गया और वहीं पर मुकदमा चलाया गया। इस मुकदमे की पैरवी उन्होंने खुद की। कोई वकील नियुक्त नहीं किया। मौलाना पर अग्रेंजों के खिलाफ जेहाद का फतवा जारी करने तथा लोगों को विद्रोह के लिए उकसाने के संगीन आरोप लगाये गये। मुकदमे की बहस के दौरान उन्होंने अपने जुर्म को कुबूल किया पर झूठ नहीं बोला और कहा- हॉ वह फतवा सही है, वह मेरा लिखा हुआ था और आज भी मैं अपने फतवे पर कायम हूं। आरोपो को कुबूल करने के पश्चात उन्हें काला पानी की सज़ा सुनाई गई और सारी जायदाद ज़ब्त करने का आदेश जारी किया गया। अंडमान निकोबार (सेलुलर जेल) में ही 20 अगस्त 1861 ई. में उनका इंतकाल हो गया।

अल्लामा साहब ने अपनी शायरी को एक नया मिजाज़ बख्शा है। उन्होंने अपने कलामो में अहसास व जज़्बात का बेहद इज़हार किया है। अल्लामा का नाम ऊर्दू, फारसी व शायरी की तारीख में सुनहरे हुरूफो मे लिखा जायेगा क्योंकि उन्होंने अपनी पूरी ज़िन्दगी ऊर्दू,फारसी भाषा के लिए खिदमते अंजाम दी। साथ ही मुल्क की आज़ादी की जद्दोजहद में ही मुल्क से वफ़ा करते हुए इस दुनिया को अलविदा कह गए।

### पुण्यतिथि 21 अगस्त पर विशेष...

# भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के प्रमुख सिपहसलार उबैदुल्लाह सिंधी



उबैदुल्लाह सिंधी भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के राजनीतिक कार्यकर्ता थे। उन्होंने अंग्रेजों से भारत की आजादी और भारत में एक शोषण मुक्त समाज के लिए संघर्ष किया था। 10 मार्च 1872 को सियालकोट (पंजाब) मैं एक सिख घराने में एक लड़के ने जन्म लिया। उनके जन्म से 4 महीने पहले ही उनके पिता की मौत हो गई थी। जब उन्होंने होश संभाला तो मां ने उन्हें पढ़ने के लिए मामा के पास (सिंध) भेज दिया, वहां उनकी मुलाकात कई फकीरों से और सूफियों से हुई। सूफियों की तालीम उन्हें इस्लाम की ओर खींचती रही जिससे उन्होंने इस्लाम कबूल कर लिया तथा अपना नाम ओबेदुल्ला रखा। मौलाना उबैदुल्लाह राजा महेंद्र प्रताप की प्रवासी सरकार में होम मिनिस्टर की हैसियत से थे उन्होंने अफगान अमीर को ब्रिटिश भारत के खिलाफ युद्ध करने का प्रस्ताव दिया। मौलाना 1917 में रूस को रवाना हो गए तथा वहां रूस की क्रांति ने उनके मन में इंकलाब ला दिया। रूस से तुर्की तथा तुर्की से मक्का जाकर 10 साल तक पढ़ने और पढ़ाने का काम किया। लेकिन उनके दिल में एक कसक थी वतन लौटने की पर वतन लौटना आसान नहीं था आखिर में 1936 में कांग्रेस की मदद से परमिशन मिली और वह कराची लौट आए। मौलाना कभी कांग्रेस के मेंबर नहीं रहे पर हमेशा उनकी विचारधारा के आसपास रहे वतन के हालात को देखते हुए अंग्रेजों के खिलाफ गांधीजी के अहिंसा के हथियार को सही मानते थे। वह चाहते थे कि अंग्रेज भारत में ना रहे बल्कि भारत में शासन भारतीयों द्वारा किया जाए ऐसी भावनाओं को मन में रखते हुए उनका देहांत 21 अगस्त 1944 को रहीम यार खान में हुआ।

# हज़रत सुलेमान अ. स. का वाकिया

हज़रत सुलेमान अ. स. हजरत दाऊद अ. स. के बेटे थे। आपका ज़िक्र क़ुरआन-ए-पाक की कई सूरतों में आया है। अल्लाह तआला ने आपको नबुव्वत और बादशाहत दोनों अता की थी। हज़रत सुलेमान अ. स. को इंसानों के अलावा जिन, हवा और तमाम तरह के जानवरों चरिन्दों, दरिंदों और परिंदों को भी अल्लाह तआला ने आपके ताबे कर दिया था । इस तरह आपकी हुकूमत दुनियां की तमाम मखलूक पर हुकूमत थी । आप तमाम मखलूक इंसान, जिन और तमाम जानवरों की बोलियां भी बखूबी समझते थे। आपके जमाने में आपकी उम्मत बनी इसराइल को बड़ा उरूज हांसिल हुआ। हज़रत सुलेमान अ. स. बावजूद इतनी ताकत व हुकूमत के ज्यादा से ज्यादा यादे इलाही में मशगूल रहते थे और अल्लाह तआला की अता करदा नेमतों का शुक्र अदा करते थे।

एक मर्तबा उनकी उम्मत के एक शख्स ने हज़रत सुलेमान अ. स. से ख्वाहिश की कि आप तमाम जानवरों की बोलियां जानते और समझते हैं। मेरी ख्वाहिश है कि आप मुझे भी जानवरों की बोलियां जानना और समझना सिखा दें, ताकि मैं भी यह जान सकूं कि यह जानवर आपस में एक दूसरे से क्या-क्या बातें कर रहे हैं। हज़रत सुलेमान अ. स. ने उस शख्स से कहा कि तुम यह सब जानकर क्या करोगे ? मुझे तो अल्लाह तआला ने यह एक मोजेज़ा अता किया है, वो जिसको चाहे अता कर दे । तुम अल्लाह तआला के अता करदा । इस खास इनाम के बारे को बर्दाश्त न कर सकोगे। लेकिन उस शख्स का इसरार बढ़ता गया और वो ज़िद करने लगा और कहने लगा कि नहीं मुझे आपको यह सीखाना होगा कि आप किस तरह तमाम जानवरों की बोलियां समझ लेते हैं। जब वो शख्स किसी सूरत भी नहीं माना तो आपने अल्लाह तआला से दुआ फरमाई कि ए बारी तआला इस शख्स को जानवरों की बोलियां समझने की खासियत अता फरमा दे। अल्लाह तआला ने आपकी यह दुआ कबूल फरमाई और उस शख्स को भी तमाम जानवरों चरिंद, परिन्द वगैरह की बोली समझने की खासियत अता हो गई और वो खुशी से अपने घर आ गया।

इस शख्स में अपने घर में एक गाय, घोड़ा, बिल्ली और मुर्गा पाल रखे थे। घर आकर उसने अपनी बीवी से खाने की मांग की, बीवी ने दस्तरखान बिछाया। उसने सैर होकर खाना खाया। खाने के बाद कुछ रोटी के टुकड़े बच गए थे तो उसने मुर्गे को आवाज देकर बुलाया और उसको अपने हाथ से टुकड़े खिलाए। जब मुर्गा रोटी के टुकडे खा चुका तो उस शख्स की बिल्ली जो दूर बैठी मुर्गे को रोटी के टुकड़े खाते देख रही थी, मुर्गे से बोली कि भाई मुर्गे ही अच्छा होता कि तुम यह रोटी के टुकड़े मुझे खाने को दे दे देते क्योंकि मैं कई दिनों से भूखी हूं और मेरे पेट में कई दिन से एक लुकमा भी खाने का नहीं गया है। तुमको तो मालिक दिन में कई बार खाना खिला देता है। मालिक लेटा हुआ मुर्गा और बिल्ली जो बातें कर रहे थे, उनका मालिक बगोर सुन रहा था।

मुर्गे ने बिल्ली से कहा कि बहन आज तो मैंने यह खा लिया मगर तुम फ़िक्र मत करो कल तुम खूब पेट भरकर खाना खा लेना, क्योंकि कल मालिक की गाय मर जाएगी तो उसका गोश्त तुम खूब सैर होकर खा लेना। मालिक ने जब मुर्गे और बिल्ली की यह बातें सुनी तो उसने सोचा कि अगर गाय घर में मर गई तो मेरा नुकसान होगा। क्यों न मैं इस गाय को बाजार में बेच आऊं। चुनांचे उसने गाय को खूंटे से खोली और बाजार में जाकर बेच आया। जब गाय बेचकर घर वापस आ गया तो बिल्ली ने मुर्गे से कहा भाई मैं तो आज भी भूखी रह गई, अब रात मुझे भूख से तड़पते हुए ही गुजारनी होगी।

मुर्गे ने बिल्ली को भूख बर्दाश्त करने की नसीहत करते हुए कहा कि तू गम ना कर कल तुझे जरूर खाने को मिल जाएगा, क्योंकि कल मालिक का घोड़ा मर जाएगा। तब तू मजे लेकर घोड़े का गोश्त खा लेना और अपना पेट भर लेना। मालिक जो कि इन दोनों की बातों को सुन रहा था तो उसने गाय की तरह घोड़े को भी बाजार में बेचने का इरादा किया, ताकि नुकसान से बचा जा सके। चुनांचे उसने घोड़े को खोला और बाजार में जाकर बेच आया। जब बिल्ली ने देखा कि मालिक बगैर घोड़े के घर में दाखिल हुआ है तो उसने मुर्गे से कहा लो अब तो घोड़ा भी बिक गया, मैं तो भूखी की भूखी रह गई। मुर्गे ने फिर बिल्ली को तसल्ली देते हुए कहा तू गम ना कर, बस आज की रात और भूखी रह ले। कल तक यह मालिक मर जाएगा और उसके मरने पर जो फातिहा होगी, उसमें जो खाना होगा उसमें से तू खूब पेट भर कर खा लेना।

मालिक ने जब अपने मरने की बातें सुनी और उनकी पहली दो बातों पर गौर किया तो समझ गया कि अब उसकी मौत लाज़मी है। लिहाजा वो सुलेमान अ. स. के पास दौड़ा-दौड़ा गया। मुर्गे और बिल्ली की बातों का जिक्र किया, अपनी मौत की बात भी हजरत सुलेमान अ. स. को बताई तो हज़रत सुलेमान अ. स. ने फरमाया कि मैंने तुझसे पहले ही कहा था कि तू ज़िद न कर और जानवरों की बोली समझने की कोशिश ना कर। अल्लाह तआला अपने फज़लो करम से उसकी इस्तेताअत (बिसात) के मुताबिक नेमतें अता फरमाता है। इसलिए इंसान को चाहिए कि अल्लाह ने जो नेमतें उसको अता की हैं उन पर सब्र शुक्र करना चाहिए। दूसरों को अता की गई नेमतों की ख्वाहिश नहीं करनी चाहिए। अब तो बस मौत ही तेरा मुकद्दर है, अब तेरी मौत यकीनी है।

इस हिदायत से हमको यह सबक मिलता है कि जो कुछ नेमतें और अपने फज़लो करम से जो सिफात अता की हैं, उन पर सब्रो शुक्र करना चाहिए और दूसरे लोगों को जो कुछ नेमतें और सिफात अल्लाह तआला ने उन्हें अदा की हैं। उनको खुद में होने की ख्वाहिश नहीं करनी चाहिए। अल्लाह तआला हम सबको अता की गई नेमतों पर सब्रो शुक्र करने की तौफीक अता फरमाए और दूसरों से हिर सो हसद करने से हमारी हिफाजत फरमाए।

आमीन !

**-हबीबुल्लाह एडवोकेट, जवाहर नगर जयपुर**

# मंगोलों ने बसाया था दिल्ली का मंगोलपुरी इलाका !

मंगोलपुरी राजधानी दिल्ली का एक फेमस इलाका है, जिसका अपने आप में एक इतिहास है। मंगोलपुरी नाम सुनते ही हमारे दिमाग में यह आता है कि आखिर इसका नाम मंगोलपुरी कैसे पड़ा। चलिए हम बात बताते हैं आपको मंगोलपुरी का सदियों पुराना इतिहास......

बात उस समय की है जब कई आक्रमणकरियों ने हिंदुस्तान पर राज करने के लिए आक्रमण किया। इन्ही में से एक थे मंगोल जो बहुत खतरनाक लड़ाके माने जाते थे। मंगोलों ने भारत पर 1297 से 1306 ई. तक लगातार कई बार आक्रमण किए। उस समय यह माना जाता था कि मंगोलों को कोई हरा नहीं सकता। जब मंगोलों ने हमला किया उस समय दिल्ली की गद्दी पर जलालुद्दीन फिरोज खिलजी बैठा था। तीसरी बार जब मंगोलों ने हमला किया तब कुछ मंगोल सैनिक वापस नहीं लौट पाए। इन मंगोल सैनिकों ने बादशाह जलालुद्दीन खिलजी से दिल्ली में रहने के लिए शरण मांगी। खिलजी ने उनके सामने यह शर्त रखी की अगर वह इस्लाम धर्म कुबूल कर ले तो उन्हें दिल्ली में रहने दिया जाएगा। मंगोलो ने खिलजी की इस शर्त को मान लिया और इस्लाम धर्म कबूल कर लिया। इसके बाद जलालुद्दीन खिलजी ने उन सैनिकों के लिए एक शहर बसाया। जिसका नाम 'मंगोलपुर' रखा गया। यही आज मंगोलपुरी के नाम से जाना जाता है।

**-मोहम्मद जहीर**

# BSF में constable के 3588 पदों पर भर्ती; 10वीं पास करें अप्लाई

बॉर्डर सिक्योरिटी फोर्स यानी BSF में constable ट्रेड्समैन के पदों पर भर्ती निकली है। इसके लिए डिटेल्ड नोटिफिकेशन ऑफिशियल वेबसाइट rectt.bsf.gov.in पर जारी किया गया है। इन भर्ती के लिए आवेदन आज 25 जुलाई से शुरू हो गए हैं। जो उम्मीदवार इस भर्ती के लिए योग्य और इच्छुक हैं, वे फौरन पूरी जानकारी चेक करें और ऑनलाइन आवेदन दर्ज करें।

**आवेदन शुरू :**
25 जुलाई से 25 अगस्त 2025 तक

**वैकेंसी डिटेल्स :**
पुरुष - 3406 पद
महिला - 182 पद
कुल - 3588 पद

**एजुकेशनल क्वालिफिकेशन :**
कैंडिडेट को 10वीं पास होना चाहिए।
संबंधित ट्रेड में ITI सर्टिफिकेट होना चाहिए।

**एज लिमिट :**
अनारक्षित केटेगरी के उम्मीदवारों की उम्र 18 से 25 साल के बीच होनी चाहिए।
OBC कैंडिडेट्स को अधिकतम आयु में 3 साल की छूट मिलेगी।
SC/ST कैंडिडेट्स को अधिकतम आयु में 5 साल की छूट मिलेगी।

**सिलेक्शन प्रोसेस :**
सिलेक्शन प्रोसेस के 4 फेज हैं -
1. फिजिकल टेस्ट
पुरुष कैंडिडेट्स को 5 किमी की दौड़ 24 मिनट में पूरी करनी होगी। महिला कैंडिडेट्स को 1.6 किमी की दौड़ 8.30 मिनट में पूरी करनी होगी।
फिजिकल टेस्ट केवल क्वा लिफाइंग नेचर का होगा।
2. लिखित परीक्षा
कैंडिडेट्स को 100 सवालों की ऑब्जेक्टिव टाइप परीक्षा से गुजरना होगा। परीक्षा ऑनलाइन यानी CBT मोड में होगी। इसके लिए कुल 2 घंटे का समय मिलेगा।
3. डॉक्यूमेंट्स वेरिफिकेशन
कैंडिडेट्स को अपने सभी ओरिजिनल डॉक्यूमेंट्स वेरिफिकेशन के लिए फिजिकली उपस्थित करने होंगे।
4. ट्रेड टेस्ट
जिस ट्रेड के लिए अप्लाई करेंगे, उससे संबंधित टेस्ट होगा। जैसे- टेलर, वॉशरमैन, स्वीपर के लिए ट्रेड टेस्ट आयोजित किया जाएगा।

**फीस :**
जनरल/OBC/EWS : 100 रुपए
SC/ST/महिला : निशुल्क

**सैलरी :**
चयनित कैंडिडेट्स को 21,700 से लेकर 69,100 रुपए तक प्रतिमाह सैलरी मिलेगी।

**ऐसे करें आवेदन :**
ऑफिशियल वेबसाइट rectt.bsf.gov.in पर जाएं।
constable ट्रेड्समैन भर्ती के लिंक पर क्लिक करें।
बेसिक जानकारियां भरकर सब्मिट करें और डॉक्यू मेंट्स अपलोड करें।
फीस जमा करके फाइनल सब्मिट कर दें।

# बैंक ऑफ बड़ौदा में 417 पदों पर निकली भर्ती

बैंक ऑफ बड़ौदा ने मैनेजर सहित 400 से ज्यादा पदों पर भर्ती निकाली है। उम्मीदवार बैंक की ऑफिशियल वेबसाइट bankofbaroda.in पर जाकर आवेदन कर सकते हैं।

**आवेदन शुरू :**
06 अगस्त से 26 अगस्त 2025 तक

**एजुकेशनल क्वालिफिकेशन :**
मैनेजर सेल्स : पद के अनुसार ग्रेजुएशन की डिग्री,मार्केटिंग, सेल्स, बैंकिंग में एमबीए, पीजीडीएम
ऑफिसर, मैनेजर - एग्री सेल्स : एग्रीकल्चर से संबंधित विषय में 4 साल की डिग्री

**एज लिमिट :**
मैनेजर सेल्स : 24 - 34 साल
ऑफिसर - एग्री सेल्स : 24 - 36 साल
मैनेजर - एग्री सेल्स : 26 - 42 साल
रिजर्व कैटेगरी के उम्मीदवारों को उम्र में छूट दी जाएगी।

**सिलेक्शन प्रोसेस :**
ऑनलाइन टेस्ट
ग्रुप डिस्कशन
साइकोमैट्रिक टेस्ट
इंटरव्यू

**फीस :**
जनरल, ओबीसी, ईडब्ल्यूएस : 850 रुपए
एससी, एसटी, पीडब्ल्यूडी, महिला : 175 रुपए

**सैलरी :**
85,920 रुपए प्रतिमाह

**ऐसे करें आवेदन :**
ऑफिशियल वेबसाइट bankofbaroda.in पर जाएं।
अब 'Recruitment of Local Bank Officer 2025' लिंक चुनें।
नया पेज खुलने पर 'Current openings' टैब पर क्लिक करें।
यहां अप्लाई ऑनलाइन लिंक पर क्लिक करें।
रजिस्ट्रेशन करके फॉर्म भरें।


## आवश्यकता

हेल्पर स्टाफ की जरूरत है जिन्हें लोहे का काम आता हो या पावर प्रेस का काम आता हो कांटेक्ट करें : +919001876353 सैलरी काम देखने के बाद में डिसाइड की जाएगी ! इदरीश अहमद साहब ईदगाह दिल्ली रोड जयपुर

हैंडीक्राफ्ट फैक्ट्री के लिए हैंडीक्राफ्ट कर्मी ( हैंडीक्राफ्ट आर्टिस्ट ) की जरूरत है जिनको हैंडीक्राफ्ट का पूरा काम आता हो! सैलरी : ₹ 20K से ₹30,000 तक @ HR इरफान अख्तर 9828733222

वॉटर R O और एयर कंडीशनर इंस्टॉलेशन / के लिए स्टाफ की जरूरत है जिस स्टाफ को काम आता है वहीं स्टाफ अप्लाई करें जॉब लोकेशन : सोडाला, सी स्कीम जयपुर सैलरी : 16 से ₹25,000 तक कॉल @ HR इरफान अख्तर 9828 733 222

ज्वेलरी केड डिजाइनर डिजाइनर टीचर की जरूरत है : स्टाफ चाहे तो पार्ट टाइम या फुल टाइम दोनों ही कर सकते हैं जॉब लोकेशन : चार दरवाजा & आदर्श नगर Call at HR 98287-33222

राजा पार्क में Alibaba.com Executive और फोटोग्राफर की जरूरत है ! जॉब लोकेशन : राजा पार्क कांटेक्ट करें! 9828733222

Need A Digital Marketing Expert Staff ( SEO + Google + Meta Ads + Shopify + Wordpress ) Salary 35K to 50K At Tonk Road - Jaipur HR @ 98287-33222 Lim-ra Foundation

## आवश्यकता

जयपुर से प्रकाशित होने वाले दैनिक रॉयल पत्रिका एवं डिजिटल रॉयल पत्रिका के लिए 5 रिपोर्टर्स एवं 2 विज्ञापन लाने के लिए विज्ञापन प्रतिनिधि की शीघ्र आवश्यकता है। वेतन योग्यता अनुसार, अनुभवी को प्राथमिकता। इंटर्नशिप करने के इच्छुक उम्मीदवार भी संपर्क कर सकते हैं।

इच्छुक उम्मीदवार शीघ्र संपर्क करें -

संपर्क करें -
- royalpatrika@gmail.com
- +91-9772552446


# हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड में 588 पदों पर भर्ती

हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (HAL) ने 588 पदों पर भर्ती निकाली है। उम्मीदवारों को अपना आवेदन गुगल फॉर्म के जरिए NAPS पोर्टल पर सब्मिट करना होगा।
इंजीनियरिंग ग्रेजुएट अप्रेंटिस, डिप्लोमा और नॉन टेक्निकल ग्रेजुएट अप्रेंटिस के लिए आवेदन की आखिरी तारीख 10 अगस्त तय की गई है। वहीं आईटीआई अप्रेंटिस के लिए आवेदन की आखिरी तारीख 2 सितंबर तय की गई है।

**आवेदन शुरू :**
16 जुलाई से 02 सितंबर 2025 तक

**वैकेंसी डिटेल्स :**
ग्रेजुएट अप्रेंटिस : 130 पद
डिप्लोमा अप्रेंटिस : 60 पद
नॉन-टेक्निकल अप्रेंटिस : 88 पद
आईटीआई ट्रेड अप्रेंटिस : 310 पद
कुल पदों की संख्या : 588

**एजुकेशनल क्वालिफिकेशन :**
संबंधित क्षेत्र में डिप्लोमा, डिग्री या आईटीआई की डिग्री

**एज लिमिट :**
हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड नियमों के अनुसार

**सिलेक्शन प्रोसेस :**
मेरिट बेसिस पर
डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन
मेडिकल फिटनेस
पुलिस वेरिफिकेशन

**स्टाइपेंड :**
ग्रेजुएट अप्रेंटिस : 9,000 रुपए प्रति माह
डिप्लोमा अप्रेंटिस : 8,000 रुपए प्रति माह
2 वर्षीय ट्रेड आईटीआई अप्रेंटिस : 8,050 रुपए प्रतिमाह
1 वर्षीय ट्रेड आईटीआई अप्रेंटिस : 7,700 रुपए प्रतिमाह

**ऐसे करें आवेदन :**
NAPS पोर्टल apprenticeship-india.gov.in पर रजिस्ट्रेशन करें।
जरूरी डिटेल्स के साथ गूगल फॉर्म भरें।
NAPS पोर्टल पर अपनी प्रोफाइल कंप्लीट करें।
जरूरी डॉक्यूमेंट्स अपलोड करें।
फॉर्म सब्मिट करें। इसका प्रिंटआउट लेकर रखें।

# IBPS क्लर्क भर्ती का शॉर्ट नोटिस जारी; 01 अगस्त से आवेदन शुरू

इंस्टीट्यूट ऑफ बैंकिंग पर्सनल सेलेक्शन यानी IBPS ने क्लर्क कैडर में कस्टमर सर्विस एसोसिएट्स की भर्ती का शॉर्ट नोटिस जारी किया है। इसके लिए ऑनलाइन आवेदन का लिंक 1 अगस्त से लाइव होगा। भर्ती का डिटेल्ड नोटिफिकेशन भी इसी दिन वेबसाइट पर जारी हो सकता है। कैंडिडेट ibps.in पर नोटिफिकेशन चेक कर सकेंगे और ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे।

**आवेदन शुरू :**
01 अगस्त से 21 अगस्त 2025 तक

**वैकेंसी डीटेल्स :**
इस भर्ती के माध्यम से कस्टमर सर्विस एसोसिएट के पद भरे जाएंगे।
रिक्तियों की संख्या डिटेल्ड नोटिफिकेशन में जारी की जाएगी।

**एजुकेशनल क्वालिफिकेशन :**
किसी भी स्ट्रीम में ग्रेजुएशन की डिग्री हो।
कम्प्यूटर नॉलेज का सर्टिफिकेट, डिप्लोमा, डिग्री हो।

**एज लिमिट :**
20 साल से 28 साल तक के उम्मीदवार इस भर्ती के लिए अप्लाई कर सकते हैं।

**सैलरी :**
सैलरी की जानकारी डिटेल्ड नोटिफिकेशन में जारी की जाएगी।

**फीस :**
जनरल/OBC/EWS के लिए - 850 रुपए
SC/ST/PH के लिए - 175 रुपए

**आवेदन करने का तरीका :**
ऑफिशियल वेबसाइट पर जाएं।
होमपेज पर IBPS Clerk 15th भर्ती लिंक पर क्लिक करें।
अपनी जानकारी के साथ रजिस्ट्रेशन करें।
डॉक्यूमेंट्स अपलोड करें और फीस जमा करें।
भरे हुए फॉर्म का एक प्रिंट आउट ले लें।

# राजस्थान में AEE के 281 पदों पर भर्ती

राजस्थान पब्लिक सर्विस कमीशन (RPSC) की ओर से असिस्टेंट एग्रीकल्चर इंजीनियर (AAE) के पदों पर भर्ती निकली है। उम्मीदवार आरपीएससी की ऑफिशियल वेबसाइट rpsc.rajasthan.gov.in पर जाकर या SSO पोर्टल sso.rajasthan.gov.in पर जाकर फॉर्म भर सकते हैं।

**आवेदन शुरू :**
28 जुलाई से 26 अगस्त 2025 तक

**एजुकेशनल क्वालिफिकेशन :**
मान्यता प्राप्त यूनिवर्सिटी से एग्रीकल्चर इंजीनियरिंग में डिग्री प्राप्त की हो।
देवनागरी लिपि में हिन्दी का ज्ञान।
राजस्थानी संस्कृति का ज्ञान होना चाहिए।

**एज लिमिट :**
न्यूनतम : 20 वर्ष
अधिकतम : 40 वर्ष

**सिलेक्शन प्रोसेस :**
रिटन एग्जाम
मेरिट बेसिस पर

**सैलरी :**
पे मैट्रिक्स लेवल – 14 के अनुसार

**ऐसे करें आवेदन :**
आयोग की वेबसाइट rpsc.rajasthan.gov.in पर जाएं।

# राजस्थान में 3225 पदों पर भर्ती का नोटिफिकेशन जारी

**-14 अगस्त से शुरू आवेदन, सैलरी 1 लाख 40 हजार तक**

राजस्थान में शिक्षकों के 3225 पदों पर भर्ती नोटिफिकेशन जारी किया गया है। इस भर्ती के लिए आवेदन प्रक्रिया 14 अगस्त से शुरू हो रही है। उम्मीदवार वेबसाइट rpsc.rajasthan.gov.in पर जाकर आवेदन कर सकेंगे।

**एजुकेशनल क्वालिफिकेशन :**
मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से किसी भी स्ट्रीम में ग्रेजुएशन की डिग्री।
देवनागरी लिपि में हिन्दी का ज्ञान।
राजस्थानी संस्कृति का ज्ञान होना चाहिए।

**एज लिमिट :**
न्यूनतम : 20 वर्ष
अधिकतम : 40 वर्ष

**फीस :**
सामान्य/ओबीसी : 600 रुपए
ओबीसी (एनसीएल)/ ईडब्ल्यूएस : 400 रुपए
एससी/एसटी/दिव्यांग : 400 रुपए

**सिलेक्शन प्रोसेस :**
रिटन एग्जाम
पीईटी और पीएसटी टेस्ट
पर्सनल इंटरव्यू
डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन
मेडिकल टेस्ट

**सैलरी :**
लेवल - 12 के अनुसार 44,300 - 1,40,100 रुपए प्रतिमाह

**एग्जाम पैटर्न : पेपर - 1 में शामिल विषय :**
हिस्ट्री ऑफ राजस्थान एंड इंडिया विद स्पेशल रिफरेंस टू राजस्थान
मेंटल एबिलिटी टेस्ट
करंट अफेयर्स
जनरल साइंस, इंडियन पॉलिटी एंड जियोग्राफी ऑफ राजस्थान
एजुकेशनल मैनेजमेंट
प्रश्नों की संख्या : 75
टोटल मार्क्स : 150
टाइम लिमिट : डेढ़ घंटा

**पेपर - 2 में शामिल विषय :**
सीनियर सेकेंडरी लेवल सब्जेक्ट नॉलेज
ग्रेजुएशन लेवल सब्जेक्ट नॉलेज
पोस्ट ग्रेजुएशन लेवल सब्जेक्ट नॉलेज
एजुकेशनल पेडागॉजी, पेडागॉजी टीचिंग लर्निंग
प्रश्नों की संख्या : 150
टोटल मार्क्स : 300
टाइम लिमिट : 3 घंटे

**ऐसे करें आवेदन :**
ऑफिशियल वेबसाइट rpsc.rajasthan.gov.in पर जाएं।
होमपेज पर दिए गए 'Apply Online' लिंक पर क्लिक करें।
'New Registration' पर क्लिक करके रजिस्ट्रेशन करें।
अब अपने रजिस्ट्रेशन ID और पासवर्ड से लॉगिन करें।
फॉर्म भरकर, फीस पे करें और सब्मिट करें।
इसका प्रिंटआउट लेकर रखें।

# प्रशासनिक सेवाओं की तैयारी के लिए महत्वपूर्ण प्रश्न

## (रणनीति)

**(पिछले अंक से जारी)**

**पर्यावरण**

56.नेशनल ग्रीन हाइड्रोजन मिशन का लक्ष्य वर्ष क्या है?
(a) 2025 (b) 2030
(c) 2047 (d) 2070

57.ग्रीन हाइड्रोजन मिशन का लक्ष्य कितने टन हाइड्रोजन उत्पादन का है?
(a) 2 मिलियन(b) 5 मिलियन
(c) 10 मिलियन(d) 15 मिलियन

58.भारत में कितने राष्ट्रीय उद्यान हैं (2024 तक)?
(a) 100 (b) 106
(c) 115 (d) 120

59.निम्नलिखित में से कौन सा राष्ट्रीय उद्यान राजस्थान में है?
(a) जिम कॉर्बेट(b) रामगढ़ विषधारी (c) काजीरंगा
d) सुंदरबन

60.प्रोजेक्ट टाइगर का उद्देश्य क्या है?
(a) बाघ संरक्षण (b) हाथी संरक्षण
(c) जैव-विविधता संरक्षण
(d) वन संरक्षण

61.पेरिस समझौते का मुख्य लक्ष्य क्या है?
(a) वैश्विक तापमान वृद्धि को 2°C से नीचे रखना
(b) कार्बन उत्सर्जन समाप्त करना
(c) जैव-विविधता संरक्षण
(d) नवीकरणीय ऊर्जा को समाप्त करना

62.भारत ने 2030 तक कितने प्रतिशत नवीकरणीय ऊर्जा का लक्ष्य रखा है?
(a) 30% (b) 40%
(c) 50% (d) 60%

63.निम्नलिखित में से कौन सा अंतरराष्ट्रीय समझौता जैव-विविधता से संबंधित है?
(a) पेरिस समझौता
(b) मॉन्ट्रियल प्रोटोकॉल
(c) कुनमिंग-मॉन्ट्रियल फ्रेमवर्क
(d) क्योटो प्रोटोकॉल

64.निम्नलिखित में से कौन सा राष्ट्रीय उद्यान असम में है?
(a) काजीरंगा (b) सुंदरबन
(c) जिम कॉर्बेट (d) रणथंभौर

65.लॉस एंड डैमेज फंड का संबंध किससे है?
(a) जलवायु परिवर्तन (b) जैव-विविधता (c) परमाणु ऊर्जा
(d) अंतरिक्ष अनुसंधान

66.निम्नलिखित में से कौन सी योजना भारत में हरित ऊर्जा को बढ़ावा देती है?
(a) उज्ज्वला योजना
(b) सूर्य घर योजना
(c) पीएम-किसान
(d) आयुष्मान भारत

67.भारत में कितने बाघ अभयारण्य हैं (2024 तक)?
(a) 50 (b) 53
(c) 60 (d) 65

68.निम्नलिखित में से कौन सा समझौता ओजोन परत संरक्षण से संबंधित है?
(a) पेरिस समझौता
(b) मॉन्ट्रियल प्रोटोकॉल
(c) क्योटो प्रोटोकॉल
(d) COP29

69.भारत का पहला कार्बन न्यूट्रल गाँव कहाँ है?
(a) भोजपुर, मध्य प्रदेश
(b) पुनौरा, उत्तराखंड
(c) मावलिननॉन्ग, मेघालय
(d) कुरंग, कर्नाटक

70.निम्नलिखित में से कौन सा राष्ट्रीय उद्यान विश्व धरोहर स्थल है?
(a) काजीरंगा (b) जिम कॉर्बेट
(c) रणथंभौर (d) पेरियार

**खेल और संस्कृति**

71.पेरिस ओलंपिक 2024 में भारत ने कितने पदक जीते?
(a) 4 (b) 6
(c) 8 (d) 10

72.पेरिस ओलंपिक 2024 में भारत ने कितने स्वर्ण पदक जीते?
(a) 1 (b) 2
(c) 3 (d) 0

73.निम्नलिखित में से कौन सा भारतीय खिलाड़ी पेरिस ओलंपिक 2024 में पदक विजेता था?
(a) नीरज चोपड़ा (b) पी. वी. सिंधु
(c) साइना नेहवाल (d) मैरी कॉम

74.मामुली द्वीप, जो 2024 में यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल के लिए नामांकित हुआ, किस राज्य में है?
(a) असम (b) मेघालय
(c) अरुणाचल प्रदेश (d) मणिपुर

75.निम्नलिखित में से कौन सा भारतीय नृत्य शास्त्रीय नृत्य है?
(a) गरबा (b) कथक
(c) भांगड़ा (d) लावणी

**-डॉ. एम . ए. खान**
**प्रोफेसर (भूगोल)**

## उत्तर कुंजी

56. (b) 2030
57. (b) 5 मिलियन
58. (b) 106
59. (b) रामगढ़ विषधारी
60. (a) बाघ संरक्षण
61. (a) वैश्विक तापमान वृद्धि को 2°C से नीचे रखना
62. (c) 50%
63. (c)कुनमिंग-मॉन्ट्रियल फ्रेमवर्क
64.(a) काजीरंगा
65.(a) जलवायु परिवर्तन
66.(b) सूर्य घर योजना
67.(b) 53
68.(b) मॉन्ट्रियल प्रोटोकॉल
69.(c) मावलिननॉन्ग, मेघालय
70.(a) काजीरंगा
71.(b) 6
72.(a) 1
73.(a) नीरज चोपड़ा
74.(a) असम
75.(b) कथक

# NEET पास किए बिना भी इन मेडिकल फील्ड्स में बना सकते हैं करियर

भारत में लाखों छात्र-छात्राएं 12वीं के बाद डॉक्टर बनने का सपना देखते हैं। इसके लिए NEET (National Eligibility cum Entrance Test) पास करना ज़रूरी होता है, ताकि MBBS या BDS जैसी डिग्री में एडमिशन मिल सके। लेकिन हकीकत यह है कि हर साल लाखों छात्र NEET देते हैं, और उनमें से केवल कुछ प्रतिशत को ही सरकारी या प्राइवेट MBBS सीट मिल पाती है। ऐसे में कई स्टूडेंट्स को लगता है कि मेडिकल फील्ड में करियर बनाने का सपना खत्म हो गया, लेकिन असल में ऐसा नहीं है। अगर आपका सिलेक्शन MBBS में नहीं होता, तो भी आप मेडिकल सेक्टर के कई अन्य कोर्स करके अच्छा करियर और शानदार कमाई कर सकते हैं। इन कोर्स के लिए NEET पास करना ज़रूरी नहीं है और इनमें रोजगार के भरपूर अवसर हैं।

**B.Sc नर्सिंग (B.Sc Nursing)**
कोर्स अवधि: 4 साल
एडमिशन प्रक्रिया: 12वीं (PCB) में 50% या उससे अधिक अंक, कुछ विश्वविद्यालयों के अपने एंट्रेंस एग्जाम होते हैं।
करियर स्कोप: सरकारी व प्राइवेट अस्पताल, हेल्थकेयर सेंटर, आर्मी मेडिकल सर्विस, विदेशों में नर्सिंग जॉब।
कमाई: शुरुआती सैलरी 25,000–40,000 रुपये, अनुभव के साथ लाखों रुपये सालाना।

**B.Sc मेडिकल लैब टेक्नोलॉजी (B.Sc MLT)**
कोर्स अवधि: 3 साल
काम: ब्लड टेस्ट, यूरिन टेस्ट, बायोकेमिकल टेस्ट, पैथोलॉजी लैब संचालन।
एडमिशन: 12वीं (PCB) में 50% अंक, NEET जरूरी नहीं।
कमाई: शुरुआती 20,000–35,000 रुपये प्रति माह, प्राइवेट लैब या खुद की डायग्नोस्टिक सेंटर खोलने पर अधिक इनकम।

**फार्मेसी कोर्स (B.Pharm)**
कोर्स अवधि: 4 साल
काम: दवा निर्माण, रिसर्च, क्वालिटी कंट्रोल, मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव, ड्रग इंस्पेक्टर।
एडमिशन: 12वीं (PCB या PCM) में 50% अंक।
कमाई: शुरुआती 25,000–40,000 रुपये प्रति माह, फार्मेसी खोलने पर इनकम कई गुना बढ़ सकती है।

**फिजियोथेरेपी (BPT – Bachelor of Physiotherapy)**
कोर्स अवधि: 4.5 साल (6 महीने इंटर्नशिप सहित)
काम: मरीजों की फिजिकल थेरेपी, स्पोर्ट्स इंजरी, ऑर्थोपेडिक, न्यूरोलॉजी केसेस।
कमाई: शुरुआती 25,000–50,000 रुपये, प्राइवेट क्लिनिक खोलने पर 1 लाख+ मासिक भी संभव।



**ऑप्टोमेट्री (B.Sc Optometry)**
कोर्स अवधि: 4 साल
काम: आंखों की जांच, लेंस और चश्मा डिजाइन, आई केयर हॉस्पिटल में सेवाएं।
कमाई: शुरुआती 20,000–35,000 रुपये, अनुभव के साथ बढ़कर 60,000–70,000 रुपये मासिक।

**डेंटल हाइजीन/डेंटल टेक्नोलॉजी**
कोर्स अवधि: 2–3 साल का डिप्लोमा या B.Sc डिग्री
काम: डेंटल क्लिनिक में प्रोफेशनल असिस्टेंस, डेंटल प्रॉस्थेटिक्स तैयार करना।
कमाई: 20,000–40,000 रुपये मासिक, खुद का डेंटल लैब खोलने पर अधिक।

**रेडियोलॉजी और इमेजिंग टेक्नोलॉजी**
कोर्स अवधि: 3 साल (B.Sc Radiology)
काम: X-ray, MRI, CT Scan, अल्ट्रासाउंड मशीन ऑपरेट करना।
कमाई: 25,000–50,000 रुपये मासिक, प्राइवेट डायग्नोस्टिक सेंटर में उच्च आय।

**न्यूट्रिशन और डाइटेटिक्स (B.Sc Nutrition & Dietetics)**
कोर्स अवधि: 3 साल
काम: हॉस्पिटल, फिटनेस सेंटर, हेल्थ कंसल्टेंसी, स्पोर्ट्स टीम।
कमाई: 20,000–40,000 रुपये मासिक, प्राइवेट प्रैक्टिस में लाखों रुपये सालाना।

**बायोटेक्नोलॉजी और माइक्रोबायोलॉजी**
कोर्स अवधि: 3–4 साल
काम: रिसर्च, लैब टेस्टिंग, फार्मा कंपनियों में रोजगार।
कमाई: शुरुआती 25,000–35,000 रुपये, रिसर्च फील्ड में बड़ी संभावनाएं।

# कैंसर की शुरुआत में शरीर में दिखाई देते हैं ये लक्षण, तुरंत हो जाएं सावधान

**-शुरुआती संकेत पहचानकर समय रहते करें कैंसर का इलाज**

कैंसर आज के समय में दुनिया की सबसे खतरनाक बीमारियों में से एक मानी जाती है। यह बीमारी तब और भी गंभीर हो जाती है जब इसका पता देर से चलता है। हेल्थ एक्सपर्ट्स का मानना है कि कैंसर के शुरुआती लक्षण पहचानना और समय रहते इलाज शुरू करना, मरीज की जान बचाने में बेहद अहम होता है। शुरुआती स्टेज में कैंसर का इलाज न सिर्फ आसान होता है, बल्कि सफल होने की संभावना भी कई गुना बढ़ जाती है। नीचे हम आपको कैंसर के कुछ ऐसे शुरुआती संकेत और लक्षण बता रहे हैं, जिन्हें नज़रअंदाज़ करना आपकी सेहत के लिए खतरा बन सकता है।

**लगातार थकान और कमजोरी**
अगर आप बिना किसी भारी काम या तनाव के लगातार थकान महसूस कर रहे हैं, तो यह शरीर में किसी गंभीर समस्या का संकेत हो सकता है। कैंसर के शुरुआती चरण में, खासकर ब्लड कैंसर, कोलन कैंसर और स्टमक कैंसर में, मरीज को बिना वजह थकान और कमजोरी महसूस होती है। यह लक्षण शरीर में खून की कमी या ऊर्जा स्तर गिरने की वजह से हो सकता है।

**अनजाने में वजन कम होना**
अगर आपका वजन बिना किसी डाइट प्लान या एक्सरसाइज के अचानक कम होने लगे, तो इसे नज़रअंदाज़ न करें। हेल्थ रिसर्च के मुताबिक, छह महीने में 5 किलो या उससे अधिक वजन कम होना कैंसर का शुरुआती संकेत हो सकता है। खासकर पेट, फेफड़ों, पैंक्रियास और इसोफेगस (गले) के कैंसर में यह लक्षण आम है।

**लगातार खांसी या आवाज़ में बदलाव**
अगर आपको लंबे समय तक खांसी बनी रहती है और दवाइयों से भी ठीक नहीं हो रही, तो यह फेफड़ों के कैंसर का संकेत हो सकता है। इसके साथ ही आवाज़ में भारीपन, बदलाव या लगातार खराश रहना भी गले के कैंसर का शुरुआती लक्षण हो सकता है।

**त्वचा में बदलाव**
त्वचा के कैंसर के शुरुआती संकेतों में तिल (मोल) का आकार, रंग या शेप बदलना शामिल है। अगर त्वचा पर कोई नया दाग, उभार या घाव बनता है और वह लंबे समय तक ठीक नहीं होता, तो इसे तुरंत डॉक्टर को दिखाना चाहिए। त्वचा का रंग पीला पड़ना, खुजली या लाल चकत्ते भी चेतावनी के संकेत हो सकते हैं।

**खून आना या असामान्य ब्लीडिंग**
शरीर के किसी भी हिस्से से बिना वजह खून आना एक गंभीर लक्षण है।
पेशाब या मल में खून आना – ब्लैडर या कोलन कैंसर का संकेत हो सकता है।
खांसी में खून आना – फेफड़ों के कैंसर का लक्षण हो सकता है।
महिलाओं में असामान्य समय पर ब्लीडिंग – गर्भाशय या सर्वाइकल कैंसर का संकेत हो सकता है।

**भूख न लगना और निगलने में कठिनाई**




अगर लंबे समय से आपको भूख कम लग रही है या खाना निगलने में परेशानी हो रही है, तो यह पेट, गले या इसोफेगस कैंसर का लक्षण हो सकता है। इसे अक्सर लोग मामूली एसिडिटी या गैस समझकर नजरअंदाज कर देते हैं, लेकिन लगातार परेशानी होने पर टेस्ट ज़रूर करवाना चाहिए।

**सूजन या गांठ महसूस होना**
शरीर के किसी भी हिस्से में बिना दर्द के गांठ या सूजन महसूस होना, खासकर गर्दन, बगल या जांघ के ऊपरी हिस्से में, लिम्फ नोड्स के कैंसर या अन्य ट्यूमर का शुरुआती संकेत हो सकता है। यह गांठें धीरे-धीरे बढ़ सकती हैं और इनके साथ बुखार या वजन घटने जैसे लक्षण भी हो सकते हैं।

**लंबे समय तक ठीक न होने वाला घाव**
अगर मुंह, जीभ, होंठ या शरीर के किसी हिस्से में घाव है जो हफ्तों तक ठीक नहीं हो रहा, तो यह कैंसर का चेतावनी संकेत हो सकता है। खासकर मुंह का कैंसर तंबाकू, गुटखा, पान मसाला या धूम्रपान करने वालों में अधिक पाया जाता है।

**पेट दर्द या पाचन संबंधी समस्याएं**
लगातार पेट दर्द, एसिडिटी, कब्ज या दस्त रहना, और सामान्य दवाओं से आराम न मिलना भी पाचन तंत्र से जुड़े कैंसर का संकेत हो सकता है। पैंक्रियास और पेट के कैंसर में यह लक्षण शुरुआत से ही दिखाई दे सकते हैं।

**अचानक दृष्टि या सुनने में बदलाव**
आंखों की रोशनी धुंधली होना, अचानक सुनने में कमी आना, या आंखों के पास सूजन होना, ब्रेन ट्यूमर या हेड एंड नेक कैंसर का लक्षण हो सकता है।

**क्यों जरूरी है शुरुआती जांच?**
कैंसर का सबसे बड़ा खतरा यह है कि इसके शुरुआती लक्षण अक्सर मामूली समस्याओं जैसे थकान, बुखार या पेट से मिलते-जुलते होते हैं, जिस वजह से लोग इन्हें गंभीरता से नहीं लेते। लेकिन अगर इन लक्षणों को समय पर पहचाना जाए और डॉक्टर से जांच करवाई जाए, तो कैंसर का इलाज शुरुआती स्टेज में ही संभव है और रिकवरी के चांस भी बहुत अधिक होते हैं।

# इनरव्हील क्लब बारां द्वारा स्तनपान सप्ताह के अवसर पर जच्चा-बच्चा पोषण और देखभाल जागरूकता कार्यक्रम किया




बारां (रॉयल पत्रिका)। 1 अगस्त से 7 अगस्त तक चले स्तनपान सप्ताह के अंतर्गत इनरव्हील क्लब बारां की अध्यक्ष नीतु गुप्ता के नेतृत्व में नवजात शिशुओं और उनकी माताओं को पौष्टिक आहार तथा बच्चों के लिए बेबी किट वितरित किए गए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला प्रमुख उर्मिला जैन भाया उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में एमसीएच प्रभारी डॉ. रवि प्रकाश मीना, मदर मिल्क बैंक से डॉ. अकबर अली बोहरा, मैनेजर दीपीका हरनवाल तथा जच्चा-बच्चा विशेषज्ञ डॉ. हीना ने माताओं और नवजात शिशुओं की देखभाल के महत्व पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने सही पोषण, स्तनपान के लाभ, स्वच्छता और शिशु के स्वास्थ्य की रक्षा के लिए अपनाए जाने वाले तरीकों पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर उपस्थित सदस्यों ने माताओं को प्रेरित किया कि समय पर देखभाल और उचित आहार से बच्चे का स्वस्थ विकास सुनिश्चित किया जा सकता है। क्लब द्वारा कोषाध्यक्ष मंजू बंसल द्वारा प्रोजेक्ट गिफ्ट निकला गया जिसमें अनीता सेठी ने बाजी मारी। इस अवसर पर सुमन गोयल, चंद्रकला सेठी, मंजू बंसल उपस्थित रही। नीतू गुप्ता ने आने वाले सभी डॉक्टर्स को माला पहना कर और प्रतीक चिन्ह भेंट कर आभार ज्ञापित किया। कार्यक्रम का संचालन अनिता सेठी द्वारा किया गया।

# डोल मेले का विस्तार कर तालाब की पाल पर व्यापारियों के लिए 225 नई दुकानों का होगा आवंटन -ज्योति पारस

## -हाड़ौती का ख्यातनाम डोल मेला 03 सितम्बर से

**शब्बीर हुसैन**

बारां (रॉयल पत्रिका)। हाड़ौती का ख्यातनाम लोकपर्व डोल मेला इस बार नगर परिषद बारां द्वारा 03 सितम्बर से आयोजित किया जा रहा है, जिसमें दुकानदारों को राहत प्रदान करते हुए मेला परिसर में 225 नई दुकानों का आवंटन किया जाएगा। नगर परिषद सभापति ज्योति पारस ने बताया कि हाड़ौती का ऐतिहासिक ख्यातनाम डोल मेला नगर परिषद द्वारा प्रतिवर्ष जलझूलनी एकादशी से विधिवत प्रारम्भ किया जाता है। इस मेले में हाडौती, राजस्थान सहित अन्य प्रदेश से भी बड़ी संख्या में दुकानदार दुकानें लेकर आते है। वर्तमान में मेले के लिए अधिक परिसर की जरूरत महसूस की जा रही थी ताकि मेला देखने आने वाले एवं मेले में व्यवसाय करने आने वाले दोनों को सुविधा मिल सके इसलिए नगर परिषद द्वारा मेला परिसर का विस्तार करते हुए इस वर्ष डोल तालाब पाल परिसर में 225 साईज 20ग15 फुट की नई दुकानें आवंटित करने का निर्णय लिया है। पारस ने कहा कि जो भी दुकानदार भाई इन नई 225 दुकानों में मनिहारी, कपड़ा, बर्तन, खिलौना आदि की दुकान लगाने के इच्छुक हैं वह 20 अगस्त तक नगर परिषद बारां में आवेदन कर सकते है। प्रत्येक दुकान का किराया 15000/- मेला अवधि के दौरान लेना तय किया गया है। उप सभापति नरेश गोयल ने बताया कि इस बार डोल मेले को और अधिक भव्य स्वरूप प्रदान किया जाएगा तथा शीघ्र ही इस वर्ष के लिए मेला अध्यक्ष की घोषणा की जाएगी।




डोल मेला -२०२५ लेआउट

# कोटा युवा कांग्रेस ने स्थापना दिवस मनाया



कोटा (रॉयल पत्रिका) । भारतीय युवक कांग्रेस के स्थापना दिवस के उपलक्ष पर शीर्ष नेतृत्व के निर्देश अनुसार संगठन का ध्वजा रोहण कर सभी युवा साथियों के साथ 14 सूत्रीय बिन्दओ की शपथ दिलवा कर मुँह मीठा करवाकर हर्ष व्यक्त किया गया। जिसमे मुख्य रूप से ज़िला अध्यक्ष मोइज़ उद्दीन गुड्, प्रदेश महासचिव अनुराग गौतम, महिला शक्ति सुपर शी की ज़िला अध्यक्ष रेहाना अंसारी, मंडल अध्यक्ष रामेश्वर प्रजापति, नगर निगम वार्ड पार्षद विनोद बुर्ट, मंडल अध्यक्ष जीशान, समर्थ व्यास, अली एडवोकेट रक्षक मालवीय, विजय योगी, राम बाबू गोस्वामी, बंटी रेनवाल, छात्र संघ नेत्री ज़ैन खान, अक्षत कुमार, लक्ष्य यादव व अन्य कई युवा उपस्थित रहें।









































# इंतजामिया कमेटी मस्जिद बारां भाईयान के नवनियुक्त सदर का अंजुमन ने किया इस्तकबाल




बारां (रॉयल पत्रिका)। मदरसा अंजुमन इस्लामिया के प्रवक्ता शाहिद इकबाल भाटी ने बताया कि हाल ही में सम्पन्न हुए मस्जिद बारा भाईयान की इंतजामिया कमेटी के चुनाव में सभी ने सर्वसम्मति से इंसाफ मंसूरी को सदर, नायब सदर मोहम्मद आबिद देशवाली, सेकेट्री समीर अली को चुना, जिनका मदरसा अंजुमन इस्लामियां के सदर माजिद सलीम व नायब सदर जाकिर मंसूरी के नेतृत्व में माला पहनाकर मुंह मीठा करवाकर इस्तकबाल कर मुबारकबाद पेश की। इस दौरान अंजुमन के प्रोग्राम कन्वीनर इकबाल नेता, शाहिद कुंडी, मोहम्मद आसिफ इकबाल (भाईजान), अब्दुल अजीज अज्जू, हाजी अनवर अली पीटीआई, अशफ़ाक मयूर, मुबारिक हुसैन झंकार, रईस दरबार, कय्यूम भाई, मुन्ना मंसूरी, सलाम मंसूरी आदि सदस्य मौजूद रहे।

# मांगरोल में संपन्न हुआ प्रतिभा सम्मान समारोह



मांगरोल (रॉयल पत्रिका)। कस्बा मांगरोल में मीठे कुंए के बाग में गुलाब मोहम्मद पूर्व डायरेक्टर पंचायत समिति मालपुरा, प्रदेश सचिव देशवाली महासभा राजस्थान के सौजन्य से एक प्रतिभा सम्मान समारोह शनिवार को मीठे कुंए के बाग में आयोजित हुआ, जिसमें अंजुमन मदरसा इस्लामिया मांगरोल में कक्षा 10 और कक्षा 12 वी में 80% से अधिक अंक प्राप्त करने वाले साथ ही कस्बे के टॉपर स्टूडेंट्स का सम्मान किया गया, साथ ही अंजुमन मदरसा इस्लामिया मांगरोल के टॉपर स्टूडेंट्स के साथ कस्बे में मुस्लिम समाज से कक्षा 10 और कक्षा 12 वी में 90% से अधिक अंक प्राप्त करने वालों को सम्मानित किया गया। कस्बे में अंजुमन मदरसा मांगरोल की छात्रा ने 12 वी बोर्ड परीक्षा में 96.20% अंक प्राप्त कर पहला स्थान प्राप्त करने, 12 वी विज्ञान वर्ग में छात्रा अल्फिया को 96% अंक प्राप्त कर पहला स्थान प्राप्त करने, कक्षा 10 में पहले दूसरे, और तीसरे स्थान पर रहने, तथा 90% से ऊपर अंक लाने वाले स्टूडेंट्स को टॉपर के रूप में रजत पदक और शील्ड देकर सम्मानित किया गया और स्टूडेंट्स की हौसला अफजाई की गई। साथ ही मांगरोल की ही वनस्थली विद्यापीठ निवाई की छात्रा अर्शिमा जिसने दसवीं बोर्ड परीक्षा में 97.33% अंक हासिल किए उसका भी सम्मान किया गया। समारोह में अंजुमन मदरसे के प्रधानाचार्य, और स्टाफ के सदस्यों को शानदार परीक्षा परीणाम देने पर सम्मानित किया गया, इंतिजामिया कमेटी के सदर वसीम अख्तर और पंचायत अंसारियान के अध्यक्ष अशरफ अली का भी सम्मान किया गया। प्रोग्राम में कोटा से मुहिम के जिम्मेदार, जनाब महमूद रजा, हुसेन भाई, रहबर सोसाइटी बारां के जिम्मेदार सलीम जावेद, इमरान सर, मास्टर हैदर अली अंसारी ने कस्बे के स्टूडेंट्स को तालीम की अहमियत पर अपना खिताब पेश किया, स्टूडेंट्स को गाइड किया। आखिर में प्रोग्राम के आयोजक गुलाब मोहम्मद ने कस्बे की अवाम, स्टूडेंट्स, स्टाफ और लोगों के सामने अपनी बात और प्रोग्राम के मकसद को पेश कर तालीम के मैयार को और बेहतर बुलंद करने, संसाधनो का बेहतर इस्तमाल करने और एकजुट होकर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। प्रोग्राम का संचालन मास्टर शौकत अली ने किया कस्बे के स्टूडेंट्स और जिम्मेदार साथियो ने में हमानों का इस्तकबाल कर शुक्रिया अदा किया।

# चूरू में चिकित्सा शिविर का आयोजन

**मोहम्मद अली पठान**



चूरू (रॉयल पत्रिका)। जिला मुख्यालय पर राजकीय अल्पसंख्यक आवासीय विद्यालय (बालक), चूरू में रविवार को निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर राजकीय डी.बी. अस्पताल के अतिरिक्त अधीक्षक डॉ. ईदरीश खान एवं नर्सिंग ऑफिसर शाहनवाज कुरैशी के सान्निध्य में संपन्न हुआ। इस अवसर पर लगभग 100 विद्यार्थियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया । जिसमें विद्यार्थियों की दृष्टि, दंत स्वास्थ्य, पोषण स्तर, त्वचा संबंधी रोग (खाज, खुजली, एलर्जी आदि) तथा सामान्य स्वास्थ्य की गहन जांच की गई। जिन छात्रों में स्वास्थ्य संबंधी समस्याएँ पाई गईं, उन्हें निःशुल्क दवाइयाँ उपलब्ध करवाई गईं। गंभीर स्थिति के पांच छात्रों को आगे उपचार हेतु रेफर किया गया। शिविर के सफल आयोजन के दौरान विद्यालय परिवार से प्रधानाचार्य नियाज़ मोहम्मद, वरिष्ठ अध्यापक इमरान बी. खान, वार्डन जुबेर खान गांगियासर, कंप्यूटर ऑपरेटर इमरान खान सहित अन्य शिक्षक एवं स्टाफ सदस्य भी उपस्थित रहे। प्रधानाचार्य नियाज़ मोहम्मद ने गुलदस्ता भेंट कर डॉ. ईदरीश खान का आभार व्यक्त किया और कहा,"ऐसे चिकित्सा शिविर विद्यार्थियों के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होते हैं। विद्यालय में इस प्रकार के शिविर नियमित रूप से होने चाहिए।

# पूर्व सभापति प्रदीप हिंगड़ का समर्थकों ने मनाया जन्मदिन

**मोहम्मद यासीन**




पाली(रॉयल पत्रिका)। गांधी मूर्ति स्थित कार्यालय में पाली नगर परिषद के पूर्व सभापति व कांग्रेस के वरिष्ठ नेता प्रदीप हिंगड़ का जन्मदिन शुभचिंतको व समर्थको ने जन्मदिन की बधाई दी। इस अवसर पर जन्मदिन समारोह में पाली शहर सहित जिले से सैकड़ों नेता , कार्यकर्ता, गणमान्य नागरिक ने फूल माला, साफा पहनाकर व श्रीफल से स्वागत कर जन्म दिन मनाया। प्रदीप हिंगड़ को कई गणमान्य लोगों ने फोन पर बधाई व शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर पाली विधायक भीमराज भाटी, कार्यकारी अध्यक्ष प्रवीण कोठारी, शहर ब्लॉक अध्यक्ष हकीम भाई, पूर्व सभापति राकेश भाटी, महावीर कटारिया, पूर्व उपसभापति मूलसिंह भाटी, ललित प्रितमानी, मेहबूब टी, महेश जोशी, मंगलाराम पटेल भीण्डर, हेमाराम पटेल, अमराराम पटेल, कालूराम विश्नोई, विजय जोशी, कमलेश दवेरा, एम एम बोडा, गोवर्धन देवासी, भंवर राव, निलेश हिंगड, चिक्की मिक्की पुरोहित, विनोद मोदी, मोनू मेघवाल, युसुफ़ मोयल, पीन्नु भाई, प्रकाश सोनी, तरुण रावल, अभिषेक चौपड़ा, फारुक रंगीला, मीठालाल जैन, अमजद अली रंगरेज, जावेद सिरोहा, दीपाराम राव, मोइनुद्दीन भाटी, रंगराज मेहता, एडवोकेट शाबीर चीतारा, नेमीचंद देवड़ा, रफीक गोरी उर्फ बाबू भाई, दिलीप ओड, तालिब अली चूड़ीघर, विनोद तेजी, मंगलाराम बाडसा, भंवरलाल कोचर, महेन्द्र धारोलिया, शुभम कोचर, गणपत परिहार, रविन्द्र पंवार, फकीर मोहम्मद सिंधी, भेराराम गुर्जर, ताराचंद टांक, मांगुसिंह दुदावत, परमेश्वरसिंह, लाल मोहम्मद सिंधी, कलीम अख्तर, जय जसवानी किशोर सोमनानी, रफीक चौहान, कमल अग्रवाल, जयसिंह राजपुरोहित, संतोकसिंह बाजवा, प्रेम शर्मा, सुदर्शन जांगू, लालाराम शर्मा, किशोर सोलंकी, पारस भाटी, बाबूलाल बोराणा, राजु शर्मा, सोहन राव, राकेश लोढा, लक्ष्मण कच्छवाह, अमरीश लड्ढा, गौरव चौहान, नितिन चौपड़ा, गोवर्धन प्रजापति, कमलेश जीनगर, श्रवण गोयल, जितेश मरलेचा, महेन्द्र सर्राफ, सत्यनारायणसिंह पुनाडिया, चन्द्रकांत मारु, शेरु भाई राजपुरोहित, धर्मेंद्र नागौरी, जितेन्द्र कोठारी, शोभा सोलंकी, एडवोकेट भेराराम, हेमाराम, अरुण परिहार, मुकेश बोहरा, श्रीचंद हिंगड़, दिलीप काठेड, सुनील धोका, किशन गुलेच्छा नथमल नागौरी, सुरेन्द्र बोकडिया, मनीष बोहरा, गिरधारीलाल पटेल, प्रमोद पटेल बिठु सहित सैकड़ों कार्यकर्ता व गणमान्य लोगो ने स्वागत किया। वही रात्रि में गांधी मूर्ति मित्र मंडल द्वारा गांधी मूर्ति सर्किल पर आतिशबाजी कर फुल मालाओं से स्वागत कर जन्मदिन मनाया।

# अरशद खान को एन एस ए अवार्ड मिलने पर किया स्वागत




चूरू (रॉयल पत्रिका) । जिला मुख्यालय पर स्थित उसमानाबाद कॉलोनी नवज्ञान ज्योति सी. सै. स्कूल में स्वागत कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में राजस्थान स्तर पर बेहतरीन स्कूल संचालन करने पर दिल्ली में नेशनल स्कूल अवार्ड से डायरेक्टर अरशद खान को सम्मानित होने पर डॉ. एहसान गौरी के सानिध्य में समाज के लोगों ने अरशद खान का माल्यार्पण कर व अभिनन्दन पत्र प्रदान कर स्वागत किया। उपस्थित लोगों ने आपको और आपकी पूरी टीम को हार्दिक शुभकामनायें दीं और उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर जाफर खान ने कहा कि यह आपके संस्थान के लिए एक बड़ी सफलता है। और आपकी यह सफलता अन्य शिक्षण संस्थानों के लिए भी प्रेरणा स्रोत बनेगी। इस दौरान युसूफ गौरी, डॉ.शाहनवाज खान, डॉ. अख्तर खान, अध्यापक आवेश कुरैशी, अध्यापक अजीज खान, अध्यापक सतार खान, महबूब खान, सुलेमान मनिहार, नौशाद खान, मो. हुसैन खान, रेहान खान, मोनीश खान, अमन खान उपस्थित थे।

# 19वाँ ओपन माइक सेमिनार आयोजित



चूरू (रॉयल पत्रिका) । जिला मुख्यालय पर शहर के हृदय स्थल में स्थित अंसारी वाटिका में हज़रत मुहम्मद मुस्तफ़ा (सल्ल) की जीवनी विषय पर ओपन माइक के 19वां सेशन का आयोजन किया गया | छात्र आवेश अंसारी ने कुरआन की तिलावत से प्रोग्राम का आगाज किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे अन्जुमन तरक्की उर्दू हिन्द के जिला अध्यक्ष एवं शिक्षाविद् हाजी अब्दुल सत्तार अंसारी ने हजरत मोहम्मद साहब की जिंदगी पर रोशनी डाली और नबी से जुड़े एक वाकिये पर रोशनी डाली और कहा ये हमारे रसूल थे, जिन्होंने हमेशा इन्सान की फला व वहबुदी के लिए काम किया और लोगों को हमेशा नेक और सच्चा रास्ता दिखाया | उन्होंने बताया की मुहम्मद (सल्ल) ने अपनी राह में काटें बिछाने वाली औरत जब बीमार हो गई तो उसकी मिज़ाज़ पुर्सी के लिए गए और उन्हें सांत्वना दी। विशिष्ट अतिथि जिला अभिभाषक संघ चूरू के पूर्व सचिव एडवोकेट सद्दाम हुसैन ने सभी को अपने डोकमेंटस सही करवाने और वोटर लिस्ट मे नाम जुडवाने तथा विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की ।

विशिष्ट अतिथि मास्टर मुबारिक खान ने 'SIR' के बारे मे विस्तृत जानकारी दी । उन्होंने कहा कि सब को अपना नाम सन् 2002 की वोटर लिस्ट में चेक करना चाहिए और जो 18 साल के हो गए उनको वोटर लिस्ट में नाम जुडवाने चाहिए। विशिष्ट अतिथि स्पोकन इंग्लिश टीचर ईमरान अहमद चुरुवी ने नज्म के द्वारा तालीम की अहमियत बताई।

साराह अंसारी ने "सोये हुए शेरों को जगाने आया हूँ " नज्म पढ़ी और कौमी एकता का संदेश दिया। आयशा अंसारी ने कुरआन की सुरह-फील की तिलावत की और तर्जुमा बताया।

कार्यक्रम में जमील अहमद, लियाक़त अली अन्सारी, रमजान गुर्जर, कनिष्ठ अभियंता आसिफ अंसारी, कासम चेजारा, आमिर अंसारी, रजा अली, अयाज अंसारी, आरिफ मुगल, अल्ताफ लिलगर, शाकीब चेजारा, अब्दुल रहमान अंसारी, फ़ैसल कुरेशी, इमरान अंसारी, इब्राहिम चेजारा, मुहम्मद सरफराज, इरफान अंसारी, मुहम्मद अफजल, अहमद अली, मुहम्मद अशरफ, इब्राहीम अंसारी, मुहम्मद अनस, तोफीक, दिलशाद मुगल, अब्दुल्ला अंसारी सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे कार्यक्रम का संचालन अमन ट्रस्ट के अध्यक्ष उस्मान अंसारी ने किया ।

# साम्प्रदायिक सौहार्द, आपसी भाईचारे की मिसाल बनी हरपालसर की शिव गौशाला

## -11 लाख का अनुदान दिया कालू सर ग्राम के कायमखानी समाज ने



चूरू (रॉयल पत्रिका)। जिला मुख्यालय पर पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ के पैतृक गांव हरपालसर की शिव गौशाला आपसी भाईचारे एवम् गंगा जमूनी तहजीब की मिशाल बनी जब पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ ने इस गौशाला को 11 लाख रू. प्रदान किये । जिससे यहां अनेक निर्माण कार्य एवम् अन्य कार्य हो पाएंगे । उनकी प्रेरणा से कालूसर ग्राम के कायमखानी समाज के लोगो ने गौशाला को सहयोग राशि दान में दी। वही हरपालसर के ग्रामीणजनों एवम् पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ के परिवारजनों ने भी शिव गौशाला समिति हरपालसर को सहयोग राशि प्रदान की। इस अवसर पर पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ ने कालूसर ग्राम एवम् हरपालसर ग्राम के ग्रामीणों के इस सहयोग राशि के लिए उनका आभार व्यक्त करते हुए कहा कि भारत की संस्कृति गंगा जमूनी संस्कृति है। हमारे यहां गौमाता की सेवा करना पुरातन संस्कृति है और कालूसर ग्राम के कायमखानी समाज के बन्धुओं ने गौमाता के लिए जो राशि प्रदान की है यह दर्शाता है कि हम सब भारतीय लोग एकसुत्र में बंधे हैं। उन्होंने कहा कि उन्होंने जो 11 लाख की राशि गौशाला को प्रदान की है, उससे यहां जरूरत के हिसाब से निर्माण कार्य हो पाएंगे । इस अवसर पर पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ ने कहा कि गौमाता जहां हमारे लिए धार्मिक आस्था का विषय है वही गौमाता पशु पलकों के लिए एवम् ग्रामीण अर्थ-व्यवस्था के लिए भी महत्वपूर्ण है। उन्होंने प्रदेश सरकार की और से किये जा रहे कार्यो की चर्चा करते हुए कहा कि प्रदेश में भाजपा सरकार के काबिज होने के बाद प्रदेश सरकार ने गौशालाओं के विकास के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाये हैं । गौशालाओं की बकाया राशि को सरकार जारी कर रही है। आने वाले समय में प्रदेश की किसी भी गौशाला में संसाधनों की कमी नहीं रहेगी। इसी क्रम में आज पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ ने मेगा हाइवे रोड़ जैतासर में श्री हरि गौशाला का निरिक्षण किया एवम् रिषिकेश से आए हुए बाल संत भोले बाबा के दर्शन कर उनका आर्शिवाद प्राप्त किया। इस अवसर पर यहां आयोजित होने वाली भागवत कथा एवम् नानीबाई का मायरा कथा में तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने इस पुण्य कथा में शामिल होकर देश व प्रदेश में खुशहाली की कामना की।

# पाली चढवा समाज ने भीमराज भाटी व हकीम भाई का किया भव्य स्वागत




पाली, (रॉयल पत्रिका)। मुस्लिम समाज कार्यालय मस्तान बाबा पर चढवा समाज पाली की ओर से समाज के सदर हाजी मोहम्मद याकुब के नेतृत्व में पाली चढवा समाज के प्रतिनिधि द्वारा हकीम भाई को पाली शहर कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष बनने पर माला व साफा पहनाकर भव्य स्वागत किया व बधाई दी तथा साथ ही हकीम भाई को अध्यक्ष बनाने के लिए पाली विधायक भीमराज जी भाटी का भी स्वागत कर आभार व्यक्त किया। स्वागत समारोह के बाद विधायक जी के समक्ष अब्दुल रज्जाक चढवा ने व रिजवान चढवा ने चढवा समाज में ओबीसी संशोधन का मामला जो लम्बे समय से राज्य सरकार मे विचाराधीन था उसकी समस्त कार्यवाही पुर्ण होने के बावजूद आदेश जारी नहीं होने को लेकर समस्त कार्यवाही को अवगत कराया। जिस पर विधायक जी ने अतिशिघ्र मुख्यमंत्री जी मिलकर आदेश जारी कराने आश्वासन दिया वहा उपस्थित मोहम्मद याकुब चढवा, अब्दुल रज्जाक चढवा, मोहम्मद हुसैन चढवा, इफ्तिखार अहमद चढवा, मोहम्मद उमर चढवा,गुलाम रसुल बाबुभाई चढवा, फिरोज चढवा सीए यासीन भाई चढवा, सभी समाज बंधुओं ने हकीम भाई को बधाई दी।

# ग्राम घाघु में क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ किया



चूरू (रॉयल पत्रिका)। जिला मुख्यालय के नजदीक गांव घांघू में खान क्लब की ओर से क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारम्भ किया गया । जिसमें लगभग 20 टीमों के बीच मैच खेले जाने हैं, मुख्य अतिथि मजीद खान राणासर ने गेंद खेलकर मैच को शुरू करवाया, पहला मैच लाखाऊ वर्सेज बिसाऊ के बीच खेला जायेगा । जिसमें लाखाऊ टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया । विशिष्ट अतिथि ऑल युवा मुस्लिम सेवा संस्थान के जिलाध्यक्ष संजय खान घांघू रहे। आयोजनकर्ता हारून खान, मोसिन खान, इमरान खान, आसिफ खान, साजिद कुरेशी, रमजान खान को सभी की हौसला अफजाई की । तारा चंद गुरी ने विचार व्यक्त किये, संचालन इमरान बहलिम ने किया ।

# स्वतंत्रता दिवस की तैयारियों को लेकर कामयखानी छात्रावास में बैठक हुई




चुरू (रॉयल पत्रिका) । जिला मुख्यालय पर कायमखानी छात्रावास में राजस्थान कायमखानी महासभा और चुरू कायमखानी छात्रावास कमेटी की संयुक्त मीटिंग की गई । जिसमें आने वाली 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस पर झंडा रोहन कार्यक्रम को लेकर कौम के जिम्मेदारों ने छात्रावास में मीटिंग की है । जिसमें राजस्थान कायमखानी महासभा के जिला अध्यक्ष मुंशी खान चाँदखानी चुरू कायमखानी छात्रावास कमेटी अध्यक्ष जब्बार खान अलफखानी, रमजान खान जोईया, ज़ाकिर खान केके, इकबाल खान कबीरखानी, अकरम खान, गफ्फार खान, लियाकत खान, जावेद खान एडवोकेट, शाहबाज खान, शबीर खान, पप्पू खान आदि ने मीटिंग में शिरकत की । मुंशी खान ने बताया कि कायमखानी छात्रावास में आने वाली 15 अगस्त को सुबह 9 बजे झंडा रोहन किया जाएगा ।

जिला मुख्यालय पर कायमखानी छात्रावास में राजस्थान कायमखानी महासभा और चुरू कायमखानी छात्रावास कमेटी की संयुक्त मीटिंग की गई जिस में आने वाली 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवश पर झंडा रोहन कार्यक्रम को लेकर कौम के जिम्मेदारों ने छात्रावास में मीटिंग की है । जिसमें राजस्थान कायमखानी महासभा के जिला अध्यक्ष मुंशी खान चाँदखानी, चुरू कायमखानी छात्रावास कमेटी अध्यक्ष जब्बार खान अलफखानी, रमजान खान जोईया, ज़ाकिर खान केके, इकबाल खान कबीरखानी, अकरम खान, गफ्फार खान, लियाकत खान, जावेद खान एडवोकेट, शाहबाज खान, शबीर खान, पप्पू खान आदि ने मीटिंग में शिरकत की। मुंशी खान ने बताया कि कायमखानी छात्रावास में आने वाली 15 अगस्त को सुबह 9 बजे झंडा रोहन किया जाएगा ।

# झालावाड़ बजरंग नगर कॉलोनी में सड़क निर्माण की मांग

## -कब मिलेगी लोगों को राहत



**फिरोज खान वारसी**

झालावाड़ (रॉयल पत्रिका) । बजरंग नगर कॉलोनी गागरोन रोड़ निवासियों ने स्थानीय प्रशासन से कॉलोनी में रोड बनाने की मांग की है, कॉलोनी वासियों का कहना है कि कॉलोनी में विगत कई वर्षो से पक्की सड़क का अभाव है। बारिश में घर से निकलना व काम पर जाने में भी बहुत परेशानी होती है। इस मामले में पूर्व में भी कई बार नगर परिषद व स्थानीय जन प्रतिनिधियों व जिला प्रशासन को अवगत करवाया है। परन्तु अभी तक कोई उचित कार्यवाही नहीं हो पाई है।

वार्ड में पक्की सड़क न होने के कारण कीचड व गन्दगी से बीमारियाँ फैलने का डर है । वहीं भारी बारिश होने पर बच्चों को स्कूल जाने में समस्या आती है, कॉलोनी वासियों कहना है कि समस्या को लेकर कई बार जन प्रतिनिधियों व प्रशासन को अवगत करा चुके हैं । लेकिन हर बार उन्हें कॉलोनी में जल्दी रोड बनाने का आश्वासन दिया जाता रहा है, फिलहाल अभी तक रोड बनाने की कार्रवाई शुरू नहीं हो पाई है ।

# पटवारी सीधी भर्ती 2025 का आयोजन 17 अगस्त को दो पारियों में होगा

पाली, (रॉयल पत्रिका)। राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड राजस्थान द्वारा पटवार सीधी भर्ती परीक्षा 2025 का आयोजन 17 अगस्त को दो पारियों में प्रातः 9 से मध्यान्ह 12 व अपराह्न 3 बजे से सायं 6 बजे तक जिला मुख्यालय के 16 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित की जाएगी। जिला कलक्टर एलएन मंत्री ने बताया कि परीक्षा के सफल संचालन के लिए अतिरिक्त जिला कलक्टर डॉ बजरंग सिंह को परीक्षा के लिए समन्वयक अधिकारी नियुक्त किया गया है। निर्धारित परीक्षा केंद्रों पर आयोजित करने के लिए सम्पूर्ण पुलिस व्यवस्था के लिए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पाली को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

**आवश्यकता**

जयपुर से प्रकाशित होने वाले अख़बार "रॉयल पत्रिका" को सीकर, झुंझुनूं के लिए रिपोर्टर की आवश्यकता है। वेतन योग्यतानुसार। संपर्क करें - 8058969180/992844315

